कार्तिक कृष्ण - 10 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 104 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 07-11-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 हरियाणा की बजाए दिल्ली पर ध्यान दें केजरीवाल : मनोहर लाल खट्टर

6 समय पर पता चलने पर संभव है कैंसर का इलाज

7 कांग्रेस के दलदल में फंसा 'इंडिया' गठबंधन : शिवराज

## फर्स्ट टेक

### नौसेना के युद्धपोत 'सूरत' के प्रतीक चिह्न का अनावरण

**सूरत/भाषा।** भारतीय नौसेना के नवीनतम निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोत 'सूरत' के प्रतीक चिह्न का अनावरण गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सोमवार को सूरत शहर में आयोजित एक समारोह में किया। सेना की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि यह पहला युद्धपोत है जिसका नाम गुजरात के किसी शहर के नाम पर रखा गया है और पहली बार किसी युद्धपोत के प्रतीक चिह्न का अनावरण उसी शहर में किया गया जिसके नाम पर इसका नामकरण किया गया है। निर्माणाधीन युद्धपोत 'सूरत' के प्रतीक चिह्न में सूरत के हजीरा स्थित प्रसिद्ध प्रकाश स्तंभ, एक बब्बर शेर और लहरों को दर्शाया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार, युद्धपोत वर्तमान में मुंबई में मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) में निर्माणाधीन है। यह अगले साल सक्रिय सेवा में शामिल हो जाएगा।

### दक्षिण कोरिया ने सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बनाई

**सियोल/एपी।** दक्षिण कोरिया अपने प्रतिद्वंद्वी उत्तर कोरिया पर बेहतर तरीके से नजर रखने के लिए इस महीने के अंत में घरेलू स्तर पर निर्मित अपना पहला जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। दक्षिण कोरिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया ऐसे समय में उपग्रह प्रक्षेपित करेगा जब उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों के अपने शस्त्रागार का विस्तार करने पर जोर दे रहा है। दक्षिण कोरिया की इस घटना से पहले उत्तर कोरिया अक्टूबर में अपना स्वयं का जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित का तीसरा प्रयास करने के अपने संकल्प को पूरा करने में संभवत: तकनीकी कारणों से विफल रहा था। दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता जीन हा ग्यू ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि देश के पहले सैन्य उपग्रह का 30 नवंबर को कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग वायु सेना बेस से प्रक्षेपण किया जाएगा।

### रूस ने निलंबन के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)/एपी।** रूस की ओलंपिक समिति ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) द्वारा पिछले महीने उसे निलंबित किए जाने के फैसले को खेल पंचाट में चुनौती दी है। रूस ने पूर्वी यूक्रेन के चार क्षेत्रों के खेल परिषदों को अपने सदस्यों के रूप में शामिल किया था, जिसे आईओसी ने ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन करार देकर रूस की ओलंपिक समिति को निलंबित कर दिया था। खेल पंचाट ने रूस की अपील स्वीकार कर ली है

| 06-11-2023 | 07-11-2023 |
|---|---|
| सूर्यास्त 5:40 बजे | सूर्योदय 6:04 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 64,958.69 | 19,411.75 |
| (+594.91) | (+181.15) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,353 रु. | 78,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### सियासती सद्भाव

आज सियासत की नदिया में,
कितनों के सद्भाव बह गए।
चली दुधारी चालें इतनी,
घायल गुपचुप दर्द सह गए।
जिनने महल बनाए ऊँचे,
अंधड़ आया और ढह गए।
मुँह धो कर बैठे कुछ पाने,
वे अपने मुँह धोते रह गए।।

# 'वोकल फॉर लोकल' पर प्रधानमंत्री मोदी ने दिया जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारत में दिवाली मनाने की जोर-शोर से चल रहीं तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थानीय उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए सोमवार को एक वीडियो जारी किया और कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' आंदोलन देशभर में गति पकड़ रहा है। सोशल मीडिया 'एक्स' पर साझा किये गये एक वीडियो में प्रधानमंत्री ने लोगों से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि त्योहारों के दौरान उनकी प्राथमिकता 'वोकल फॉर लोकल' हो।

## मोदी और ईरान के राष्ट्रपति ने की पश्चिम एशिया में 'मुश्किल हालात' पर चर्चा

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी ने सोमवार को पश्चिम एशिया क्षेत्र में ''मुश्किल हालात'' और इजराइल-हमास संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने ''आतंकवादी घटनाओं, हिंसा और आम नागरिकों की मौत'' पर गहरी चिंता व्यक्त की। रईसी के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में मोदी ने इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर भारत के पुराने और सुसंगत रुख को दोहराया। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में ''मुश्किल हालात'' और इजराइल-हमास संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। बयान में कहा गया, ''प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवादी घटनाओं, हिंसा और आम नागरिकों की मौत पर गहरी चिंता व्यक्त की।

# 'देश में अवसरों की कमी नहीं है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि देश में युवाओं के लिए अवसरों की कमी नहीं है।

उपराष्ट्रपति ने भवन देखने आये झुंझुनूं के सैनिक स्कूल के छात्रों से संसदीय सौध में संवाद करते हुए कहा कि आज भारत जिस गति के साथ आगे बढ़ रहा है ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि दुनिया की पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था और आज हम दुनिया की पांचवी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इस विकास यात्रा के दौरान हमने बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ा है और अब हम जर्मनी और जापान को भी पीछे छोड़ने वाले हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत आज एक चमकता हुआ सितारा है।

उपराष्ट्रपति ने छात्रों से कहा कि हमें भारत और भारतीयता पर गर्व करना चाहिए और हमें हमारी ऐतिहासिक उपलब्धियां का जश्न मनाना चाहिए। भारत की विकास यात्रा में हमें यथासंभव योगदान देकर भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा,''कभी भी तनाव न लें। पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार की टेंशन या दबाव में नहीं रहना चाहिए। सहज रहें और सफल होने की अपेक्षा हमेशा एक अच्छा नागरिक बनने का प्रयास करें, अनुशासन में रहे क्योंकि अनुशासन सफलता की कुंजी है।

उपराष्ट्रपति ने देश में उपलब्ध असीम अवसरों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए छात्रों से कहा कि आज आप जिस क्षेत्र में चाहें वहां अपना करियर बना सकते हैं, चाहे वह रक्षा का क्षेत्र हो या नौसेना हो, तटरक्षक बल हो या केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल हों, आज देश में अवसरों की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब सत्ता के गलियारे दलालों से पूरी तरीके से पटे पड़े रहते थे आज वह सब गायब हो गए हैं। सरकार ने भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करके सत्ता के गलियारों को दलालों से पूरी तरीके से मुक्त कर दिया है। प्रशासन में बहुत पारदर्शिता आई है।

# आबादी के बड़े हिस्से की जरूरतों को पूरा करने को जी-20 अध्यक्षता ने नीतिगत दिशा दी : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता ने दुनिया की आबादी के एक बड़े हिस्से की जरूरतों को पूरा करने के लिये एक स्पष्ट नीतिगत दिशा उपलब्ध करायी है। आबादी का यह वह हिस्सा है, जिनकी आवाज अक्सर बहुपक्षीय मंचों पर अनसुनी कर दी जाती है। वित्त और श्रम मंत्रालयों तथा वाणिज्य विभाग के 'मजबूत, सतत, संतुलित और समावेशी वृद्धि' विषय पर आयोजित सेमिनार के उद्घाटन भाषण में वित्त मंत्री ने कहा, ''हालांकि, हमारे लिये इस मामले में अब भी काम करना बाकी है।'' भारत को एक दिसंबर, 2022 को जी-20 की अध्यक्षता मिली थी।

सीतारमण ने कहा, ''जी-20 नई दिल्ली घोषणा (एनडीएलडी) पर समूह के सभी देशों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली कुछ गंभीर चुनौतियों का समाधान करता है। साथ ही जन केंद्रित सिद्धांतों और भरोसे वाली साझेदारी पर आधारित भविष्य के लिये नीतियों के स्तर पर मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।'' उन्होंने कहा, ''भले ही इस महीने के अंत तक जी-20 अध्यक्ष के रूप में हमारी भूमिका समाप्त हो रही है, 'नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन' (नई दिल्ली घोषणा) में नीति मार्गदर्शन के मामले में जो शुरुआत हुई है, उसकी गति बनाई रखी जानी चाहिए।

## धन शोधन मामले में पंजाब से 'आप' विधायक गिरफ्तार

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा को कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि विधायक को मलेरकोटला में आयोजित एक जनसभा से एजेंसी के अधिकारियों ने हिरासत में लिया था और फिर उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया।

## दिल्ली-एनसीआर, उत्तर भारत और नेपाल में भूकंप के झटके

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/वार्ता। दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और नेपाल में सोमवार को फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गयी। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तथा नेपाल में सोमवार को एक बार फिर से बहुत तेज भूकंप के झटके महसूस किये गये। तीन दिन के बाद ही दूसरे भूकंप ने लोगों को डरा कर रख दिया है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली, एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के झटके उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में भी महसूस किये गये।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.6 दर्ज की है। भूकंप का केन्द्र के नेपाल में होने की पुष्टि की गयी है। इससे पहले नेपाल में तीन नवंबर को भी 6.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये थे। इसके कारण नेपाल में करीब 150 लोगों की मौत हो गयी। गत 15 और 16 अक्टूबर को भी दिल्ली, एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में भूकंप के झटके महसूस किये गये थे।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने दूसरी बार एशियाई चैम्पियंस ट्राफी जीती।

# 'नारी शक्ति' ने फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय महिला हॉकी टीम को एशियाई चैम्पियंस ट्राफी जीतने की बधाई देते हुए कहा कि उनके शानदार कौशल, जुनून और दृढ़ संकल्प ने देशवासियों को गौरवान्वित किया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, ''भारत की नारी शक्ति ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ''

भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर दूसरी बार एशियाई चैम्पियंस ट्राफी जीती।

मोदी ने कहा, ''हमारी महिला हॉकी टीम को एशियाई चैम्पियंस ट्राफी 2023 में स्वर्ण पदक जीतने के लिये बधाई। उनके शानदार कौशल, जुनून और अथक दृढ़ संकल्प ने हमारे दिलों को गर्व से भर दिया है। '' उन्होंने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाने के लिए चैम्पियंस को बधाई। ''

# अलीगढ़ से आईएसआईएस से जुड़े दो लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ, छह नवम्बर (भाषा) उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने आईएसआईएस से जुड़े दो लोगों को अलीगढ़ से गिरफ्तार कर उनके पास से प्रतिबंधित साहित्य और पेन ड्राइव बरामद किया है। एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एटीएस के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) मोहित अग्रवाल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पकड़े गये लोगों की पहचान अब्दुल्ला अर्सलान और माज बिन तारिक के तौर पर की गयी है और उन्हें अलीगढ़ के अलग-अलग स्थानों से रविवार को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों अलीगढ़ जिले के रहने वाले हैं। अग्रवाल ने बताया कि अब्दुल्ला अर्सलान के पास से मोबाइल फोन, पेन ड्राइव और आईएसआईएस का प्रतिबंधित साहित्य तथा माज के पास आईफोन समेत अन्य सामग्री बरामद की गयी है।

## पीएफआई पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने पीएफआई और उससे संबद्ध आठ संगठनों पर गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत पांच वर्षों के प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने पीएफआई की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

# इजराइली बलों ने गाजा सिटी को घेरा, उत्तरी हिस्से को दक्षिण हिस्से से किया अलग

## अब तक 10 हजार से अधिक फलस्तीनियों की हुई मौत

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)/एपी।** हमास शासित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइल के साथ चल रहे युद्ध में 10 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत हुई है। सोमवार को जारी ये आंकड़े दर्शाते हैं कि 75 वर्ष पहले इजराइल की स्थापना के बाद से यह संघर्ष का सबसे घातक दौर है। गाजा के चरमपंथी समूह हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर किये गये हमले के बाद से युद्ध चल रहा है। हमास के हमले में इजराइल में 1,400 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हमास ने लगभग 240 लोगों को बंधक बना लिया है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दीर अल बलाह/एपी।** इजराइली सेना ने बीती रात हमास शासित गाजा के उत्तरी हिस्से को दक्षिणी हिस्से से अलग करके ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इजराइली मीडिया ने बताया कि सैन्य बलों के शहर में सोमवार या मंगलवार को घुसने और वर्षों से तैयारी कर रहे आतंकवादियों के सुरंगों के बड़े नेटवर्क का इस्तेमाल कर सड़कों पर लड़ने की संभावना है। युद्ध में दोनों पक्षों की मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस युद्ध में फलस्तीन के 9,700 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

इजराइल में 1,400 से अधिक लोगों की मौत हुई है। इनमें से अधिकतर लोगों की मौत सात अक्टूबर को हमास के शुरुआती हमले में हुई। इसी हमले के बाद से यह युद्ध शुरू हुआ है।

इजराइली सेना ने रविवार देर रात कहा कि उसने उत्तरी गाजा को दक्षिण से काट दिया है और इसे युद्ध में एक महत्वपूर्ण चरण करार दिया। सेना ने सोमवार को कहा कि विमानों ने रात भर 450 लक्ष्यों पर हमला किया और जमीनी कार्रवाई में शामिल सैनिकों ने हमास के एक परिसर को अपने कब्जे में कर लिया है। सेना के अनुसार, गाजा शहर और उत्तर के अन्य हिस्सों में रहने वाले हजारों फलस्तीनियों के लिए दक्षिण की ओर जाने के लिए एक-तरफ से गलियारा खुला हुआ है।

# ताजमहल जबरदस्त धुंध की चपेट में, पर्यटक निराश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आगरा/भाषा।** उत्तर भारत में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच, आगरा में धुंध की मोटी परत छा गई है, जिससे पर्यटक निराश हैं क्योंकि वे ताजमहल को ठीक से नहीं देख पा रहे हैं।

प्रदूषण के कारण धुंध की चादर में लिपटे ताजमहल की तस्वीर लेने में विफल रहने के बाद घरेलू और विदेशी पर्यटकों ने निराशा व्यक्त की है।

सोमवार को आगरा के जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी ने एक समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया । उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण स्थलों पर पानी का छिड़काव करने के लिये कहा है ।

स्थानीय टूर गाइड शकील रफीक ने कहा कि पर्यटक तब निराश हो जाते हैं जब उन्हें तस्वीरों की पृष्ठभूमि में ताज महल नहीं दिखता है।

रफीक ने कहा, ''रविवार को, मैं जर्मनी के एक बुजुर्ग जोड़े के साथ था। हमने सुबह आठ बजे स्मारक परिसर में गये, लेकिन वे दूर से ताज का ठीक से दीदार नहीं कर सके, इस कारण उन्हें निराशा हुई।''

उन्होंने कहा, ''यही स्थिति पोलैंड के कुछ पर्यटकों के साथ भी थी, जिन्हें दोपहर के आसपास आना पड़ा क्योंकि उन्हें सुबह मुगल-युग के स्मारक का दृश्य ठीक से देखने को नहीं मिल सका।

टूरिज्म गिल्ड ऑफ आगरा के अध्यक्ष राजीव सक्सेना ने कहा कि यह पर्यटकों के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के चार पर्यटकों ने ताजमहल देखने के बाद आगरा में अन्य स्मारकों का दौरा रद्द कर दिया क्योंकि वे इसे ठीक से नहीं देख सके।

# कर्म विपाक का चिंतन व संयम से आती है जीवन में जागरूकता : साध्वी प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में अक्कीपेट स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने कहा कि उत्तराध्ययन सूत्र का संगाहन चल रहा है। उत्तराध्ययन सूत्र का उन्नीसवां अध्ययन है 'मियापुत्तिय अर्थात मृगापुत्र।' मृगापुत्र द्वारा प्रस्तुत नारकीय वेदना का अनुभूत वर्णन सुनकर मन में रोमांच हो उठता है और पाप कर्म से सहज ही विरती सी होने लगती है। इस अध्ययन में माता-पिता और पुत्र के संवाद की झलक बताई गई है, जिसका प्रत्येक स्वर वैराग्य में डूबा हुआ है। संसार में जन्म, मृत्यु, रोग, बुढ़ापा आदि के महादुख है इसलिए संसार को दुखमय कहा गया है। बीसवां अध्ययन है महाणियंठिज्जं अर्थात महानिर्गृंथीय, इसमें अनाथी मुनि के दृष्टांत का सुंदर वर्णन किया गया है।

ऐश्वर्य के अंबार लगने से या विराट परिवार होने से कोई नाथ नहीं होता है। नाथ वह है जो छह काय के जीवों का रक्षक है। श्रेणिक के समक्ष अनाथी मुनि ने जीवन के इस शाश्वत्य सत्य को उद्घाटित किया। धन से भी धर्म की महत्वता अधिक बताई गई है। इक्कीसवां अध्ययन है समुद्रपालियं्। इसमें समुद्रपाल के कथानक का वर्णन किया गया है। जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल मिलता है। एक छोटा सा निमित्त से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन हो जाता है। कर्म विपाक का चिंतन करने से एवं संयम के द्वारा व्यक्ति के जीवन में जागरूकता आ जाती है।

इससे पूर्व साध्वी अनुज्ञाश्रीजी एवं साध्वी सर्वज्ञाश्रीजी ने मूल उत्तराध्ययन सूत्र का स्वाध्याय करवाया। साध्वी ऋषिताश्रीजी ने चातुर्मास कार्यक्रम संबंधी सूचनाएं दी। साध्वी प्रियंगीश्रीजी के अर्धमासखमण की तपस्या का पारणा अभिग्रह फलने पर हो गया है। स्वाध्याय के लाभार्थी शोभाबाई, प्रदीपकुमार, दीपककुमार सियाल परिवार थे। सहमंत्री कल्याण श्रीश्रीमाल ने संघ की सूचनाएं प्रदान की।

## चेरिटी शो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

हुब्बल्ली के केएच पटवा फाउंडेशन और पीकेएस फाउंडेशन द्वारा 38 बच्चों और उनके परिवारों को '12वीं पास' फिल्म का चेरिटी शो दिखाया गया। फाउंडेशन के विनोदकुमार पटवा, किशन कटारिया, अंकित बागरेचा ने कार्यक्रम का आयोजन किया तथा बच्चों को यह प्रेरणास्पद फिल्म दिखाई।

# कांग्रेस और बीआरएस एक ही सिक्के के दो पहलू: गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

सावंत ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस अपने लोगों को ''पानी, धन या नौकरी के अवसर प्रदान करने की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रही है जबकि इसी मकसद से तेलंगाना को अलग राज्य बनाया गया था।

सावंत ने आरोप लगाया, ''अप्रत्यक्ष रूप से, कांग्रेस और बीआरएस एक ही हैं। मैं तो कहूंगा कि वे एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार, कमीशन के लिए जानी जाती है और बीआरएस सांप्रदायिक दंगे कराती है।'' उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस से जीतने वाले नेता बीआरएस में चले जाएंगे। उन्होंने तेलंगाना के लोगों से ''पानी, विकास के लिए धन और नौकरियों'' की उनकी आकांक्षाओं को साकार करने तथा नए भारत के साथ एक नए तेलंगाना के निर्माण के लिए ''डबल इंजन सरकार'' चुनने का आग्रह किया।

# गुजरात के दो पूर्व मुख्यमंत्री अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सुरक्षित बचे

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और सुरेश मेहता सोमवार को अपने वाहनों से संबंधित अलग-अलग दुर्घटनाओं में सुरक्षित बच गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 10.30 बजे अहमदाबाद-राजकोट राजमार्ग पर रूपाणी के काफिले के एक वाहन ने 50 वर्षीय मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

पुलिस उपाधीक्षक सीपी मुंडवा ने कहा कि दुर्घटना सुरेंद्रनगर जिले के लिंबडी शहर के पास तब हुई जब प्रभु ठाकरशी नामक व्यक्ति अपने दोपहिया वाहन पर राजमार्ग पार करने की कोशिश कर रहा था और उसी समय पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी का काफिला गुजर रहा था। उन्होंने कहा कि पंजाब में भाजपा मामलों के प्रभारी रूपाणी राजकोट से गांधीनगर जा रहे थे।

मुंडवा ने कहा, ''काफिला तब रुक गया जब इसमें शामिल एक वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। रूपाणी, जो दूसरी कार में थे, वह भी उतरे और घायल व्यक्ति के बारे में जानकारी ली, जिसे काफिले के वाहन में लिंबडी के एक अस्पताल ले जाया गया। व्यक्ति के पैरों में मामूली चोट आई है।''

## महादेव ऐप मामला

# केंद्र को प्रतिबंध की मांग वाला कोई पत्र नहीं मिला : चंद्रशेखर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कांग्रेस के इस दावे को खारिज किया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महीनों पहले विवादास्पद महादेव ऐप पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई थी लेकिन केंद्र कार्रवाई करने में विफल रहा। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस एक 'नई कहानी' बना रही है कि उसने दो महीने पहले ही केंद्र को पत्र लिखा था।

कांग्रेस पर पलटवार करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने आरोप लगाया कि बघेल सरकार ने जानबूझकर जांच को डेढ़ साल तक खींचा क्योंकि वह सट्टेबाजी ऐप के जरिए 508 करोड़ रुपये हासिल करना चाहती थी। केंद्र ने रविवार को प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर महादेव ऐप और रेड्डीअन्नाप्रिस्टोप्रो के साथ-साथ 20 अन्य अवैध सट्टेबाजी मंचों को रोकने के आदेश जारी किए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय कई महीनों से महादेव ऐप मामले की जांच कर रहा है, लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि इसे प्रतिबंधित करने में इतना समय लगा। रमेश ने आरोप लगाया, 'महादेव ऐप पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी सबसे पहले 24 अगस्त, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाई थी। उनकी प्रशंसा करने के बजाय, प्रधानमंत्री ने उनके खिलाफ ईडी को लगा दिया।' कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री इस

तथ्य के बारे में स्पष्ट रूप से झूठ बोल रहे हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार ने महादेव ऐप पर प्रतिबंध लगाने की मांग नहीं की थी। चन्द्रशेखर ने भोपाल में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' उन्होंने (छत्तीसगढ़ सरकार) डेढ़ साल पहले सट्टेबाजी ऐप की जांच की थी। यह छह मिनट की समस्या है कि यह एक अवैध ऐप है या असली।'

बघेल की ओर से प्रतिबंध लगाने की मांग के बारे में कांग्रेस के दावे पर एक सवाल का जवाब देते हुए चंद्रशेखर ने कहा, ''पहले ये बताइए कि उन्होंने जांच को 18 महीने तक क्यों खींचा? यदि उन्होंने (ऐप पर प्रतिबंध लगाने की मांग के संबंध में) लिखा है, तो उन्होंने (छत्तीसगढ़ सरकार) किसे लिखा, किस पते पर लिखा? क्या उन्होंने राहुल गांधी या सोनिया गांधी (दोनों पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष) को लिखा है? हमें कोई पत्र नहीं मिला।'' उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार और राज्य पुलिस को पता है कि अधिसूचना किसे भेजी जानी है। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया '' उन्होंने (राज्य सरकार) कुछ नहीं किया और जानबूझकर जांच में डेढ़ साल की देरी की क्योंकि वे ऐप (महादेव सट्टेबाजी ऐप) के जरिए 508 करोड़ रुपये हासिल करना चाहते थे और उन्हें पैसा मिल गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सट्टेबाजी ऐप का मतलब अवैध और आपराधिक उद्यम है।

# मुंद्रा बंदरगाह ने अक्टूबर में 1.61 करोड़ टन 'ढुलाई' का नया रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली/भाषा।** अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लि. (एपीएसईजेड) के प्रमुख मुंद्रा बंदरगाह ने अक्टूबर में 1.61 करोड़ टन माल ढुलाई (कार्गो हैंडलिंग) कर एक रिकॉर्ड बनाया है। भारत में किसी भी बंदरगाह द्वारा अबतक यह माल ढुलाई (माल चढ़ाने या उतारने) का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। एपीएसईज़ेड ने बयान में कहा, देश के सबसे बड़े बंदरगाह मुंद्रा बंदरगाह ने 210 दिन में 10 करोड़ टन का आंकड़ा पार कर लिया, जो पिछले साल के 231 दिन के रिकॉर्ड को पार कर गया।

बयान के अनुसार, मुंद्रा में कंटेनर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत और तरल पदार्थ एवं गैस में 14 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इसने केवल 203 दिन में 42 लाख टीईयू (बीस फुट समतुल्य इकाई) कंटेनर को संभालने का एक और मील का पत्थर हासिल किया, जो पिछले वित्त वर्ष में 225 दिन में हासिल किया गया था।

# अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद: जनहित याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर गौर करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री अडाणी समूह द्वारा शेयर के मूल्यों में हेरफेर के आरोपों से संबंधित जनहित याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने के मामले पर गौर करेगी। जनहित याचिकाएं दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक की पैरवी कर रहे वकील प्रशांत भूषण ने प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से कहा कि याचिकाओं को 28 अगस्त को सूचीबद्ध किया जाना था।

भूषण ने कहा, ''मामला 28 अगस्त को सूचीबद्ध किया जाना था लेकिन इसे बार-बार टाला गया है।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''मैं रजिस्ट्री से इस बारे में पूछूंगा।'' न्यायालय ने 11 जुलाई को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से अडाणी समूह द्वारा शेयर के मूल्यों में हेरफेर करने के आरोपों की चल रही जांच की स्थिति के बारे में पूछा था और कहा था कि जांच 14 अगस्त तक दिए गए समय में तेजी से पूरी करनी होगी। इसके बाद, बाजार नियामक सेबी ने जांच को लेकर स्थिति रिपोर्ट दायर की थी और कहा था कि वह कर पनाहगाह से सूचना मिलने का इंतजार कर रहा है।

# उत्तराखंड : निर्माणाधीन ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन की सुरंग में आग लगी

**ऋषिकेश/भाषा।** यहां निर्माणाधीन ऋषिकेशकर्णप्रयाग रेल लाइन की एक सुरंग में रखे रसायनिक पदार्थ में आग लग गयी। हालांकि, दुर्घटना में किसी तरह के जानहाल की कोई हानि नहीं हुई। यहां स्थित रेल विकास निगम लिमिटेड के परियोजना निदेशालय के मुख्य परियोजना प्रबंधक अजित सिंह यादव ने सोमवार को बताया कि रविवार की शाम को यह घटना परियोजना की सुरंग संख्या 15 में हुई जहां रखे रासायनिक पदार्थ में अचानक आग लग गयी । उन्होंने बताया कि आग पर आधा घंटे में काबू पा लिया गया और घटना में किसी तरह के जानहाल का नुकसान नहीं हुआ । यादव ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर मौजूद सभी मजदूरों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया । उन्होंने बताया कि सुरंग में पानी के रिसाव को रोकने के लिए प्रयुक्त होने वाले रसायन में आग लगी थी। आग बुझाने के एक घंटे बाद कार्यस्थल पर फिर से काम शुरु कर दिया गया और अब वहां स्थिति पूरी तरह से सामान्य है ।

# भाजपा व ईडी महादेव ऐप के प्रवर्तकों को बचा रही: बघेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/भाषा।** केंद्र सरकार द्वारा महादेव सट्टेबाजी ऐप को बंद करने के एक दिन बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर ऐप प्रवर्तकों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया और दावा किया कि उन्होंने उस ऐप को प्रतिबंध कर दिया है, जो पहले से ही भारतीय सर्वर में उपलब्ध नहीं है।

राजधानी रायपुर में संवाददाताओं से बघेल ने कहा कि केंद्र को देश में ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे फर्जी बैंक खातों की पहचान करनी चाहिए और उन्हें रद्द करना चाहिए, तभी ऐसे कृत्यों को नियंत्रित

किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''मैं पहले ही कह चुका हूं कि छत्तीसगढ़ चुनाव में अपनी हार की आशंका को देखते हुए भाजपा ने ईडी और आयकर विभाग (आईटी) को आगे किया हुआ है। ईडी मुख्य भूमिका में है.. जिस व्यक्ति (असीम दास का जिक्र) को गिरफ्तार किया गया है, वह भाजपा का करीबी बताया जाता है और वाहन (जिसमें पैसा जब्त किया गया) भी किसी भाजपा नेता का है। ईडी, जिसने कार्रवाई की है वह भी भाजपा की एक शाखा है।'' बघेल ने कहा, ''दो साल से (महादेव ऐप की) जांच चल रही है। उन्होंने (केंद्र) एक ऐप के परिचालन पर रोक लगा दी है जो पहले से ही भारतीय सर्वर प्ले स्टोर पर उपलब्ध नहीं है। उनका (केंद्र) इरादा इसे रोकने का नहीं है। वे (महादेव ऐप प्रवर्तक) सट्टेबाजी के लिए अपने ग्राहकों को एपीके (फाइल प्रारूप) भेजते हैं। वे इसके लिए व्हॉट्सऐप और टेलीग्राम चैनलों का उपयोग करते हैं जो अभी भी काम कर रहे हैं..इसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसे सभी समूहों पर देश में प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''जब तक ऑनलाइन सट्टेबाजी पूरी तरह से बंद नहीं हो जाती, कुछ भी रुकने वाला नहीं है। इस खेल में शामिल लोगों ने देश में लाखों फर्जी बैंक खाते खोले हुये हैं, जिनमें मोटी रकम का लेन-देन होता है। अधिकांश खाते राष्ट्रीयकृत बैंक में हैं और ये खाते अल्पावधि में बंद हो जाते हैं।

# पंजाब कैबिनेट ने तीर्थ यात्रा योजना को मंजूरी दी, व्यापारियों के लिए एकमुश्त कर निपटान योजना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब कैबिनेट ने सोमवार को बुजुर्ग लोगों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा योजना और व्यापारियों के लिए अपना बकाया कर चुकाने के लिए एकमुश्त निपटान योजना को मंजूरी दे दी। यह मंजूरी यहां मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक के दौरान दी गई। कैबिनेट की बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि कैबिनेट ने 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' योजना को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत वरिष्ठ नागरिक हजूर साहिब, माता चिंतपूर्णी मंदिर, माता ज्वालाजी मंदिर, नैना देवी मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थानों की बसों और ट्रेनों के माध्यम से निःशुल्क यात्रा कर सकते हैं।

इस योजना के तहत बुजुर्गों को अन्य राज्यों में धार्मिक स्थलों जैसे बिहार में पटना साहिब, उत्तर प्रदेश में अयोध्या राम मंदिर, राजस्थान में अजमेर शरीफ, पंजाब में आनंदपुर साहिब और जम्मू में माता वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा करने की भी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह योजना 27 नवंबर को गुरु नानक

देव के 'प्रकाश पर्व' पर शुरू की जाएगी।

वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' योजना के लिए 40 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है और योजना के कार्यान्वयन के लिए एक उप-समिति भी बनाई गई है। इस योजना का लाभ उठाने वाले लोगों की स्वीकार्य आयु के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उप-समिति इस पर फैसला करेगी।

इसी तरह की एक योजना आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार दिल्ली में चला रही है। दिल्ली में 12 जुलाई, 2019 को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' शुरू की गई थी। केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि इस योजना के तहत दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी के 75,000 से अधिक बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा की सुविधा प्रदान की है।

# घरेलू सौर मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता 2025 तक 60 गीगावाट तक पहुंच जाएगी: इक्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** घरेलू सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता 2025 तक 60 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक पहुंचने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह अनुमान लगाया है।

एजेंसी ने सोमवार को कहा कि अभी मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता 37 गीगावाट है। इस तरह इसमें 62 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। इक्रा ने कहा, मजबूत नीतिगत समर्थन और घरेलू स्तर पर बढ़ती मांग के अलावा उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के कारण इसके बढ़कर 100 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है।

पॉलिसिलिकॉन, वेफर, सेल और मॉड्यूल की विनिर्माण क्षमता में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ चीन का सौर पीवी मॉड्यूल आपूर्ति शृंखला में वर्चस्व है। इसकी तुलना में भारत में विनिर्माण क्षमता अपेक्षाकृत कम है। मध्यम अवधि में भारत में एकीकृत मॉड्यूल इकाइयों के आने की संभावना के साथ पीएलआई योजना से इसमें बदलाव की संभावना है।

# जीएसटी और नोटबंदी से छोटे व्यापारियों तथा अन्य लोगों को गंभीर समस्याएं हुई : प्रियंका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**धार (मप्र)/भाषा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को आरोप लगाया कि जीएसटी और नोटबंदी ने छोटे व्यापारियों तथा अन्य नागरिकों को गंभीर रूप से परेशान किया है, इसके साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों के लिये होने वाले मतदान से पहले लोगों से उनकी पार्टी की ओर से किये गये वादों और उनके कार्यान्वयन के बारे में जागरूकता का स्तर बढ़ाने का आग्रह किया।

मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल धार

जिले के कुक्षी शहर में रैली को संबोधित करते प्रियंका ने उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी इकाइयों (पीएसयू) के निजीकरण समेत सरकार की आर्थिक नीतियों के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''(केंद्र) सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को बंद कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप भयंकर बेरोजगारी हुई है। इसके बाद उन्होंने नोटबंदी लागू किया और फिर जीएसटी थोप दिया। जीएसटी ने छोटे व्यापारियों सहित सभी को परेशान किया है, जिसके कारण महंगाई बढ़ी है। उन्होंने दावा किया, जीएसटी हर चीज पर लागू है जिसके कारण छोटे व्यापारियों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके कारण महंगाई और बेरोजगारी हुई है। लोगों को हर चीज पर जीएसटी देना पड़ता है, यहां तक कि त्योहारों के दौरान छोटी-छोटी चीजों पर भी।'' केंद्र पर हमला करते हुए, प्रियंका ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को मुफ्त में उद्योगपतियों को दिया जा रहा है, चाहे वह भेल, रेलवे, हवाई अड्डे, बंदरगाह आदि ही क्यों न हों, इस कार्रवाई से देश में बेरोजगारी पैदा हो रही है।

# राजौरी में मिनी बस खाई में गिरी, 3 यात्रियों की मौत,15 अन्य घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राजौरी/जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को एक मिनी बस के सड़क से फिसलकर 300 फुट गहरी खाई में गिर जाने से तीन यात्रियों की मौत हो गयी और 15 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना कैंची मोड़ पर पूर्वाह्न करीब 11 बजे तब हुई, जब कोटरंका से राजौरी जा रही इस मिनी बस का चालक एक तीक्ष्ण मोड़ के पास वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना के तत्काल बाद बचाव अभियान शुरू किया गया और 18 लोगों को बाहर निकालकर सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) से संबद्ध राजौरी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया ।

चिकित्सा अधीक्षक महमूद एच बाजर ने बताया कि 15 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा गंभीर रूप से घायल मरीजों की जान बचाने की कोशिश की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान अब्दुल रशीद (34), मोहम्मद शब्बीर (40) और मोहम्मद आजम (32) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि चार वर्षीय एक बच्ची समेत पांच घायलों की हालत नाजुक बतायी जा रही है।

बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

चेन्नई के राजभवन में सोमवार को आयोजित एकीकृत कोष की राज्य प्रबंध समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य के राज्यपाल आरएन रवि। इस मौके पर राज्य के मुख्य सचिव शिवदास मीना सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# तमिलनाडु सरकार आरएसएस को दे 'पथ संचलन' की अनुमति : सुप्रीम कोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को 19 या 26 नवंबर को पथ संचलन (रूट मार्च) आयोजित करने की अनुमति दे और इसके बारे में 15 नवंबर तक संगठन को अपने फैसले से अवगत कराए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने सरकार को यह तय करने के लिए कोई विवेकाधिकार देने से इनकार कर दिया कि प्रत्येक जिले में एक या दो रैलियों की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं।

शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और मुकुल रोहतगी के उन दलीलों पर भी सवाल किया कि उच्च न्यायालय अब जुलूसों की अनुमति दे रहा है। पीठ ने कहा कि 2022 में उच्च न्यायालय ने इसी तरह का आदेश पारित किया था। इसके बाद मामला उच्चतम न्यायालय तक गया और आदेश को बरकरार रखा।

सिब्बल ने कहा कि राज्य सरकार अनुमति देने को तैयार है। साथ ही, यह भी कहा कि सीज़न के दौरान नहीं, क्योंकि समुदाय द्वारा उत्सव मनाए जाते हैं और झड़पें होना तय है। उन्होंने आगे कहा,वे प्रत्येक जिले में तीन रैलियों की अनुमति मांग रहे हैं। हमने इस अवधि के दौरान अपने गठबंधन सहयोगियों के अनुरोध को भी खारिज कर दिया है। हम झड़प नहीं चाहते हैं। दूसरे पक्ष के अधिवक्ता माधवी दीवान ने कहा कि इस मुद्दे पर पहले ही फैसला हो चुका है और इसे दोबारा नहीं खोला जा सकता है। इसके बाद उन्होंने 19 या 26 नवंबर को पर संचलन की अनुमति मांगी। इस पर सिब्बल ने कहा कि राज्य इस पर विचार करेगा। उन्होंने इस बात पर भी सहमति व्यक्त की कि वे अनुमति के बारे में एक सप्ताह पहले सूचित करेंगे। शीर्ष अदालत ने हालांकि स्पष्ट कर दिया राज्य सरकार प्रतिवादियों के अनुरोध के अनुसार शुरुआती और अंतिम बिंदुओं को समान रखते हुए केवल मार्ग को संशोधित कर सकती है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि इस आदेश को उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष रखा जा सकता है, जिसने अपने आदेशों का पालन न करने के लिए राज्य के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू कर दी है।

तमिलनाडु सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि उच्च न्यायालय ने हिंसक घटनाओं के इतिहास, ऐसे पर संचलन के उद्देश्यों पर उचित विचार किए बिना, तमिलनाडु के विभिन्न क्षेत्रों में उसे आयोजित करने के लिए आरएसएस को अनुमति देकर गलती की है।

## अदालत ने सत्ता में बैठे लोगों को 'विभाजनकारी' टिप्पणियां करने के खिलाफ आगाह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को 'विभाजनकारी प्रवृत्ति' वाली टिप्पणियां करने के खतरे का अहसास होना चाहिए और उसने सितंबर में यहां हुई सनातन धर्म विरोधी एक सभा में भाग लेने वाले सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के कुछ मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने में कथित नाकामी को लेकर पुलिस की खिंचाई की।

न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन ने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को इसके बजाय मादक पदार्थ और अन्य सामाजिक बुराइयों के खात्मे पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने मागेश कार्तिकेयन नामक व्यक्ति की याचिका खारिज करते हुए हाल में दिए आदेश में ये टिप्पणियां की। कार्तिकेयन ने पुलिस को उन्हें द्रविड़ विचारधारा को खत्म करने तथा तमिलों को समन्वित करने के लिए 'सम्मेलन'' कराने की अनुमति देने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया था। याचिका सितंबर में यहां हुए 'सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन' के बाद दायर की गयी जिसमें द्रमुक नेता और युवा कल्याण व खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने भाग लिया था और सनातन धर्म के खिलाफ कुछ कथित टिप्पणियां की थी जिससे बड़ा विवाद पैदा हो गया था। ऐसी जानकारी है कि राज्य के मंत्री पी के शेखर बाबू ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया था। सनातन धर्म विरोधी सम्मेलन में भाग लेने वाले सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों तथा मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने में नाकामी के लिए पुलिस की खिंचाई करते हुए न्यायमूर्ति जयचंद्रन ने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को विभाजनकारी प्रवृत्ति वाले भाषण के खतरे का अहसास होना चाहिए और उन्हें जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करना चाहिए तथा उन विचारों को बढ़ावा देने से खुद को रोकना चाहिए जो विचारधारा, जाति और धर्म के नाम पर लोगों को विभाजित करें। उन्होंने कहा, इसके बजाय उन्हें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नशीले पेय और नशीले मादक पदार्थ, भ्रष्टाचार, छूआछूत और अन्य सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## सनातन धर्म पर मेरी टिप्पणी में कुछ भी गलत नहीं : उदयनिधि मारन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा कल्याण मामलों के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सोमवार को कहा कि सितंबर में सनातन धर्म पर उनके द्वारा की गई टिप्पणी में कुछ भी गलत नहीं था।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैंने जो कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं था। हम कानूनी रूप से मामले का सामना करेंगे। मैं अपना रुख नहीं बदलूंगा। मैंने केवल अपनी विचारधारा के बारे में बात की है। मद्रास उच्च न्यायालय की टिप्पणी के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने अपना रुख दोहराया। अदालत ने एक संबंधित याचिका पर कहा था कि यह पुलिस की ओर से कर्तव्य में लापरवाही थी क्योंकि उसने उदयनिधि स्टालिन और हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के मंत्री पीके शेखरबाबू के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, जिन्होंने यहां दो सितंबर को 'सनातन धर्म उन्मूलन' सम्मेलन में भाग लिया था।

## द्रमुक नेता भारती ने नगालैंड के लोगों को अपमानित करने संबंधी राज्यपाल रवि के आरोप को किया खारिज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता आर एस भारती ने राज्यपाल आर एन रवि के इस आरोप को खारिज कर दिया कि उन्होंने नगाओं का अपमान किया है, और जोर देकर कहा कि उन्होंने पूर्वोत्तर के लोगों के बारे में कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की थी।

भारती ने पत्रकारों से कहा कि राज्यपाल रवि उनके कहने का मतलब नहीं समझ सकें। उन्होंने कहा कि केवल रवि ही उनकी आलोचना के हकदार हैं, नगालैंड के लोग नहीं। द्रमुक नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राज्यपाल का यह दावा कि नगालैंड के लोगों का अपमान किया गया, पूरी तरह से ध्यान भटकाने वाली राजनीति है। उन्होंने कहा कि गौहाटी उच्च न्यायालय ने भी कहा था कि कुत्ते का मांस खाना नगालैंड के लोगों की संस्कृति का हिस्सा है।

भारती ने द्रमुक के एक कार्यक्रम में नगालैंड और तमिलनाडु के लोगों की खान-पान की आदतों का जिक्र किया था और कहा था कि यह एक 'उदाहरण' है। रवि, पूर्व में नगालैंड के राज्यपाल रह चुके हैं और अब वह तमिलनाडु के राज्यपाल हैं।

भारती ने कथित तौर पर कहा था कि जब नगालैंड के लोगों, जो कुत्ते का मांस खाते हैं, ने रवि को राज्य से भागने के लिए मजबूर कर दिया था, तब नमक के साथ चावल खाने वाले तमिलों की गरिमा की भावना को नहीं भूलना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा था, ''नगा बहादुर, ईमानदार और गरिमापूर्ण लोग हैं। द्रमुक के वरिष्ठ नेता थिरु आर एस भारती ने यह मानते हुए उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित किया कि कुत्ते का मांस खाने वाले' निंदनीय और अस्वीकार्य हैं। मैं भारती से आग्रह करता हूं कि वे उस समुदाय को ठेस न पहुंचाएं, जिसपर पूरे भारत को गर्व है।''

## भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां सोमवार को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, दक्षिणी क्षेत्र और चेन्नई हवाई अड्डे ने सर्तकता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया। इसके पूर्व सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत के रूप में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के क्षेत्रीय उपनिदेशक डॉ. एम किरूबाशंकर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित थे। निवारक सतर्कता पर ध्यान केंद्रित करते हुए 31 अक्टूबर को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसका संचालन डीवीएसी के पूर्व निदेशक सी एल रामकृष्णन ने किया और कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता की आवश्यकता के बारे में शिक्षित किया।

एएआई के कर्मचारियों ने निबंध लेखन, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिताओं जैसी आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय भाग लिया। समाज में भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में युवा पीढ़ी के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए, आउटरीच गतिविधियों के रूप में, सप्ताह के दौरान विभिन्न स्कूलों में निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और कॉलेजों में मीडिया सामग्री निर्माण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। पुरस्कार वितरण समारोह 3 नवंबर को डीजीसीए एसआर वायु सुरक्षा निदेशक राजेन्द्रन की गरिमामयी उपस्थित में आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एस.जी. पणिक्कर, और हवाई अड्डे के निदेशक सीवी दीपक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यायालय ने पोनमुडी से संबंधित मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार किया

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्री के. पोनमुडी और उनकी पत्नी को आपराधिक पुनरीक्षण मामले में नोटिस जारी करने से संबंधित मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से सोमवार को इनकार कर दिया। वेल्लोर की एक निचली अदालत ने आय से अधिक संपत्ति मामले में दोनों को बरी कर दिया था, जिसके बाद उच्च न्यायालय ने अपनी तरफ से यह आपराधिक पुनरीक्षण मामला शुरू किया है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले का स्वत: संज्ञान लेने के लिए तमिलनाडु उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. आनंद वेंकटेश की प्रशंसा की।

न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली इस पीठ ने कहा, शुक्र है कि हमारे पास न्यायमूर्ति आनंद जैसे न्यायाधीश हैं। उनका आचरण देखिए। मुख्य न्यायाधीश मुकदमे को एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित करता है। प्रशासनिक स्तर पर मुकदमे को एक जिला न्यायाधीश से दूसरे जिला न्यायाधीश को स्थानांतरित करने की मुख्य न्यायाधीश की शक्ति का इस्तेमाल क्यों नहीं हुआ? यह न्यायिक आदेश होना चाहिए था। उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश इस परीक्षा में सफल हुए। शीर्ष अदालत ने कहा कि मामला अब भी एकल न्यायाधीश के पास है तथा पक्षों को नोटिस जारी किया गया है, इसलिए, वह इस स्तर पर याचिकाओं पर विचार करने के इच्छुक नहीं है। शीर्ष अदालत ने आरोपी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और राज्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी की दलीलों पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि सभी दलीलें एकल न्यायाधीश के समक्ष दी जा सकती हैं, जिन्होंने मंत्री और उनकी पत्नी के बरी होने पर आरोपी और लोक अभियोजक को नोटिस जारी किया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने 10 अगस्त को पोनमुडी और उनकी पत्नी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति एन आनंद वेंकटेश ने सीआरपीसी की धारा 397 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पोनमुडी और उनकी पत्नी विशालाची को बरी करने के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेकर पुनरीक्षण याचिका दर्ज की थी। उन्होंने तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी करने का आदेश देते हुए मामले की सुनवाई सात सितंबर, 2023 तक के लिए स्थगित कर दी थी। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता पोनमुडी ने 1996 और 2001 के बीच मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान अपने और पत्नी के नाम पर 1.4 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की थी, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक थी। वेल्लोर की अदालत ने 28 जून को दंपति को बरी कर दिया था।

## सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 22 तक बढ़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां की एक सत्र अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत अवधि 22 नवंबर तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें धनशोधन से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया था। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस. अल्ली ने उनकी न्यायिक हिरासत अवधि 22 नवंबर तक बढ़ा दी। बालाजी को पुझल केंद्रीय कारागार से वीडियो-कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश किया गया था।

जब यह मामला सुनवाई के लिए आया, तो द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता बालाजी की ओर से पेश वकील अरुण ने एक याचिका दायर कर अनुरोध किया कि जांच के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा जब्त दस्तावेजों की प्रतियां सौंपने के लिए ईडी को निर्देश दिया जाए।

अदालत ने इस याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का ईडी को निर्देश दिया और मामले में अगली सुनवाई के लिए 22 नवंबर की तारीख तय की। ईडी ने 14 जून को बालाजी को नौकरी के बदले 'नकदी घोटाला' से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। यह मामला उस समय का है, जब बालाजी पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार में परिवहन मंत्री थे।

## पुडुचेरी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पी कन्नन का निधन, तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी की सरकार ने सोमवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पी कन्नन के सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। कन्नन का लंबी बीमारी के बाद सोमवार सुबह एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। वह 74 वर्ष के थे। केंद्रशासित प्रदेश में छह से आठ नवंबर तक राजकीय शोक मनाया जाएगा जिसमें सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, कन्नन के पार्थिव शरीर का आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। शोक की अवधि के दौरान सभी सरकारी समारोह रद्द रहेंगे।

अस्पताल ने एक विज्ञप्ति में बताया कि कन्नन को वायरल न्यूमोनिया हुआ था और उन्हें करीब पांच साल से फेफड़ों से संबंधित बीमारी थी। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उनके परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और बेटी है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने कन्नन के निधन पर शोक जताया है।

उपराज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने अपने संदेश में कहा, 'कन्नन के निधन से पुडुचेरी की राजनीति को झटका लगा है। कन्नन ने जीवन में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने लोगों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था।' मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी ने कन्नन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जब वह पुडुचेरी में मंत्री थे तो उन्होंने लोगों के कल्याण और युवाओं को बेरोजगारी की समस्या से राहत दिलाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। मुख्यमंत्री ने कन्नन के निधन को 'अपूरणीय क्षति' बताते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन और पाट्टाली मक्कल कॉची के संस्थापक रामदास ने भी वरिष्ठ नेता के निधन पर शोक व्यक्त किया। कन्नन मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और पुडुचेरी से राज्यसभा सदस्य भी रहे। दिवंगत नेता वर्ष 1990 के दशक में कांग्रेस से अलग होने के बाद, जी के मूपनार द्वारा गठित तमिल मनीला कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने यहां पुडुचेरी मक्कल कांग्रेस नाम से राज्यस्तरीय राजनीतिक दल का गठन किया।

कन्नन वर्ष 2009 में फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए और राज्यसभा के सदस्य बने। वर्ष 2021 में कांग्रेस से पुन: अलग होकर वह अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) में शामिल हो गए। अन्नाद्रमुक से कुछ महीने पहले अलग होकर वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए थे। बाद में उन्होंने भाजपा भी छोड़ दी थी। पुडुचेरी विधानसभा अध्यक्ष आर सेल्वम, केंद्र शासित प्रदेश के गृह मंत्री ए नमस्सिवयम, मंत्रियों, विधायकों, विभिन्न राजनीतिक दलों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी।

## राजस्थान में मतदान को लेकर चाय पर चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** हाल ही में होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए राजस्थान में ही नहीं चेन्नई में भी प्रवासियों में काफी हलचल है। चुनावों को लेकर प्रवासी काफी सजग हैं। मतदान को बढ़ाने के लिए यहां रहरहे प्रवासियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी विधानसभा क्षेत्र के प्रवासियों के लिए एक बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। गुड़ामालानी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के. के. विश्नोई (कृष्ण कुमार विश्नोई) को बनाया गया है। उनके समर्थन में समाजसेवक और कार्यकर्ता चौखाराम सुथार द्वारा यह बैठक बुलाई गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को आमंत्रित किया गया सभी को विश्नोई के समर्थन में राजस्थान जाकर मतदान करने की प्रेरणा दी गई।

इस दौरान प्रवासी प्रकोष्ठ तमिलनाडु के अध्यक्ष जीतुभाई लोहार ने अधिक से अधिक मतदान करने को एवं मतदान करवाने को लेकर कहा। संयोजक हंसराज राजपुरोहित ने पीळे चावल बांटकर कर राजस्थान में मतदान के लिए जाने को लेकर आमंत्रण दिया गया। हिंगलाजदान चारण आकली ने मतदान को लेकर जानकारी दी। चारण ने कहा मतदान करना हर एक मतदाता का अधिकार हैं और इस अधिकार को खोना नहीं चाहिए।

इस दौरान चौखाराम सुथार ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर रामलाल सुथार, केसरसिंह राजपुरोहित, रतनलाल जैन, अमृतलाल कोठारी, कल्याण सिंह राठोड़, नाथुसिंह पादरड़ी, भुराराम चौधरी, ठाकराराम, प्रकाश बिश्नोई, सोहनलाल सुथार, छुनीलाल जाट,

## आईआईटी मद्रास के जांजीबार परिसर का उद्घाटन

**चेन्नई।** जांजीबार के राष्ट्रपति और रिवोल्यूशनरी काउंसिल के अध्यक्ष हुसैन अली म्विनी ने सोमवार को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईआईटी) मद्रास के जांजीबार परिसर का उद्घाटन किया, जो किसी आईआईटी का पहला अंतरराष्ट्रीय परिसर है। संस्थान ने यह जानकारी दी। कुल छात्रों में से लगभग 40 प्रतिशत के साथ पहला बैच शुरू हुआ, जिसमें डेटा साइंस और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में बीएस तथा एमटेक कार्यक्रमों में दाखिला लेने वालों में जांजीबार, तंजानिया, नेपाल और भारत की महिलाएं शामिल हैं।

आईआईटी-एम जांजीबार के पाठ्यक्रमों में भारतीयों सहित सभी देशों के छात्र दाखिला ले सकते हैं। यहां एक विज्ञप्ति में बताया गया, यह ऐतिहासिक पहल भारत की शीर्ष गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के भारत सरकार के प्रयास के तहत की जा रही है।

विज्ञप्ति के अनुसार मौजूदा परिसर जांजीबार कस्बे से 15 किलोमीटर दक्षिण में ब्वेलेओ जिले में स्थित है और यह छात्रों की वर्तमान जरूरतों को पूरा करने संबंधी अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त है। इसमें बताया गया है स्थानीय परिसर का निर्माण जल्द जांजीबार और भारत की सरकार संयुक्त रूप से करेंगी।

# हमारे नेताओं को सता रही केंद्र सरकार : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी तथा केंद्र सरकार कांग्रेस के नेताओं को सता रही हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों के नाम पर अमीरों की मदद कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जोधपुर में 'कांग्रेस गारंटी संवाद' कार्यक्रम में कहा, आज भाजपा के लोग और केंद्र सरकार हमारे नेताओं को सताने का काम कर रहे हैं। जो अच्छा काम कर रहे हैं उनको परेशान करने वाले कौन हैं?.. मोदी साहब हैं और भाजपा है। खरगे ने कहा कि अच्छा काम करने से जनता को ही फायदा होता है, उसका लाभ मुख्यमंत्री या कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के घर तो नहीं जाएगा, लेकिन चंद लोग, जनता का भला नहीं चाहते। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां जाते हैं वहां पहले ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) या इनकम टैक्स वालों को भेज देते हैं। खरगे ने कहा, ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई.... मोदी साहब जहां जाते हैं, पहले इन तीन एजेंसियों को प्रचार के लिए भेज देते हैं। उनको भेजकर फिर बाद में वे जाकर भाषण देते हैं।

खरगे ने कहा, मैं आपको यही कहना चाहता हूं कि गरीबों के नाम पर अमीरों को जो पैसा दिया जा रहा है वह मोदी साहब दे रहे हैं। गरीबों को नहीं दे रहे, दूसरी तरफ अपने दोस्तों को दे रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमेशा लोग बोलते हैं कि कोई भी राजा हो, कोई मुख्यमंत्री हो, वह गरीबों की मदद करता है। लेकिन यहां उलटा है। यहां गरीब के वोट से अमीर की मदद की जा रही है। इनके जमाने में अमीर अमीर बनता जा रहा है गरीब गरीब होता जा रहा है।

इससे पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने संबोधन में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पूरे देश में ईडी का आतंक है। यह मुद्दा बनेगा इस चुनाव में्। जानबूझकर कांग्रेस नेताओं को तंग किया जा रहा है। चुनाव में माहौल हमारे पक्ष में है और सत्ता पक्ष के पास कहने के लिए कुछ नहीं है।

# मारवाड़ क्षेत्र में कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही जाति समीकरण भी मतदाताओं की पंसद तय करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

विधानसभा चुनाव

जोधपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का मुख्य मुद्दा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा हाल के महीनों में घोषित की गई कल्याणकारी योजनाओं को माना जा रहा है। लेकिन क्या यह पार्टी के लिए राज्य में दूसरा कार्यकाल जीतने में सक्षम होगा? मारवाड़ क्षेत्र के लूनी, बिलाड़ा और ओसियां विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मिश्रित संकेत दे रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि बुजुर्गों के लिए पेंशन, सब्सिडी वाली रसोई गैस और महिलाओं के लिए मुफ्त स्मार्टफोन जैसी योजनाओं पर जाति समीकरण भारी पड़ सकता है।

लूनी विधानसभा क्षेत्र में, राशन की दुकान के बाहर इंतजार कर रही महिलाओं के एक समूह ने सरकार की उन योजनाओं की सराहना की जो पेंशन, मुफ्त स्मार्टफोन, राशन किट और 500 रुपये में सब्सिडी वाला एलपीजी सिलेंडर प्रदान करती हैं। गीता देवी ने कहा, सरकारी योजनाएं अच्छी हैं। मुझे पेंशन मिल रही है और एक स्मार्टफोन के साथ-साथ राशन किट भी मिला है। समूह में मौजूद अन्य महिलाओं ने सहमति में सिर हिलाया।

हालांकि, बिलाड़ा निर्वाचन क्षेत्र के पुरुषों के एक समूह ने कहा कि मुफ्त स्मार्टफोन बांटने के लिए इस्तेमाल की गई धनराशि का उपयोग अन्य स्थानीय समस्याओं को हल करने के लिए किया जा सकता था। लक्ष्मण सिंह ने कहा, मोबाइल फोन की खरीद में करोड़ों रुपये का इस्तेमाल किया गया। हमारे क्षेत्र में पीने के पानी की और अन्य स्थानीय समस्याएं हैं। इस राशि का इस्तेमाल ऐसे बुनियादी मुद्दों को हल करने के लिए किया जा सकता था। वहां एकत्र अन्य लोगों ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना की सराहना की, जो एक परिवार को 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है।

राज्य में कुल 5.26 करोड़ में से लगभग 2.51 करोड़ महिला मतदाता हैं, इसे ध्यान में रखकर कांग्रेस ने उनके लिए कई योजनाओं की घोषणा की है। पिछले पांच वर्षों में अशोक गहलोत सरकार का ध्यान महिला मतदाताओं पर रहा है और सरकार ने 34 अन्य महिला-केंद्रित योजनाएं चलाते हुए विशेष रूप से उनके लिए लगभग 10 नयी योजनाएं शुरू कीं्। कांग्रेस ने बिलाड़ा से मोहन लाल कटारिया और लूनी से महेंद्र बिश्नोई को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा ने बिलाड़ा और लूनी से क्रमश: अर्जुन लाल गर्ग और जोगाराम पटेल को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि कल्याणकारी नीतियों और विकास के मुद्दों के बावजूद जातिगत समीकरण मतदाताओं की पसंद तय कर सकते हैं्।

जाति समीकरण के प्रभाव का हवाला देते हुए लूनी ब्लॉक के झालामंद गांव के पूर्व सरपंच ने कहा, विकास भले ही हुआ हो और योजनाओं को सराहना मिल रही हो, लेकिन लोग अब भी उसी तरह वोट देंगे, जैसा वे पीढ़ियों से करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव, उनके क्षेत्र के लोग हमेशा अपनी (पसंद की) पार्टी और अपनी जाति के समर्थक को वोट देते हैं। हालांकि, एक स्थानीय राशन डीलर ने जोर देकर कहा कि लोगों को योजनाओं के बारे में उतना याद नहीं रहता और वे हमेशा पीने के पानी और बेहतर सड़कों को प्राथमिकता देते हैं। ओसियां विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने भाजपा के भैरा राम के खिलाफ मौजूदा विधायक दिव्या मदेरणा को मैदान में उतारा है।

एक स्थानीय राजनीतिक विश्लेषक ने कहा, इस बार यहां कांग्रेस और भाजपा उम्मीदवार के बीच सीधा मुकाबला है, जैसा 2013 में हुआ था। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को होगा और मतगणना तीन दिसंबर को होगी।

# भाजपा ने अन्य राज्यों की महिला नेताओं को चुनाव प्रचार में उतारा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। राजस्थान में जहां कांग्रेस महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए महिला केंद्रित कल्याण योजनाओं और गारंटी पर भरोसा कर रही है, वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जमीनी स्तर पर पैठ बनाने के लिए अन्य राज्यों की महिला नेताओं को चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतारा है।

राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को होंगे और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। भाजपा राज्य महिला मोर्चा के अलावा, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर समेत अन्य राज्यों की महिला नेता भी मोदी सरकार की योजनाओं तथा कार्यक्रमों का प्रचार करने और महिलाओं, उनके परिवार के सदस्य तक पहुंचने के लिए राज्य के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में घूम रही हैं्।

भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्य महिला मोर्चा की प्रभारी दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि महिलाओं का मत भाजपा को मिले यह सुनिश्चित करने के लिए, एक रणनीति बनाई गई है।

भारद्वाज ने उदयपुर में बताया, राज्य की महिला मोर्चा सक्रिय है लेकिन चुनाव को लेकर बहुत दबाव है, इसलिए दूसरे राज्यों अनुभवी महिला नेताओं को भी बुलाया गया है। वे अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में जा रही हैं्। घर-घर अभियान के लिए कई टीम का गठन किया गया है।

उन्होंने कहा कि रणनीति के अनुसार प्रत्येक मंडल में दो टीमें एक सुबह और दूसरी शाम को काम करेंगी। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों की जिन महिला नेताओं को प्रचार में उतारा गया है, उनमें मौजूदा विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ पदाधिकारी, महापौर और उप महापौर भी शामिल हैं्। जिन सीटों पर कांटे की टक्कर है, उन्हीं सीटों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, राजस्थान के चुनाव महिला मतदाताओं की बड़ी भूमिका रहती है। चूंकि राज्य में 50 फीसदी महिला मतदाता हैं ऐसे में उन तक पहुंच बनाना जरूरी है। महिलाओं का वोट हमेशा भाजपा को जाता रहा है। इसका कारण यह है कि प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं वो करते हैं्।

उन्होंने बताया कि महिला मोर्चा के सदस्य जगह-जगह बैठकें कर रही हैं, घर-घर अभियान चला रही हैं और हर तरह से महिला मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं्। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस राज में महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म और अत्याचार के मामले बढ़े हैं और कांग्रेस जिन योजनाओं की बात करती है, उनसे महिलाओं को कोई लाभ नहीं मिला है।

उन्होंने कहा, दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान सबसे ऊपर है, जो महिलाओं के सम्मान की रक्षा करने में सरकार की विफलता को दर्शाता है। कांग्रेस जिन योजनाओं की बात करती है, वे सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने के लिए चुनाव से पहले शुरू की गई हैं्। उन्होंने कहा कि महिलाएं कांग्रेस के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा करती हैं्।

दूसरी ओर, समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष एवं जयपुर के मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अर्चना शर्मा ने कहा कि पांच साल पहले सत्ता में आने के बाद गहलोत सरकार ने महिला केंद्रित योजनाएं शुरू कीं्।

# चुनाव धर्मयुद्ध के बराबर, झूठ बोलने वालों को हटाने की जरूरत : शेखावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सांचौर। सांचौर में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई है। अब इस सरकार को उखाड़ फेंकना है और भ्रष्टाचार की जगह सुशासन देने वाली भाजपा सरकार बनानी है। उन्होंने जनता का आह्वान किया कि वे जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर मतदान करें्।

शेखावत सोमवार को सांचौर में भाजपा प्रत्याशी देवजी पटेल के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झूठ बोलकर ये सरकार राज्य में आई है। किसानों का ऋण माफ करने का वादा किया, लेकिन नहीं किया। उल्टे किसानों की जमीन नीलाम करवा दी। फसल बीमा में चोट की। इस सरकार ने किसानों से बाजरे की खरीद नहीं की। आत्म स्वाभिमानी किसान राजस्थान में भी आत्महत्या कर रहे हैं्।

उन्होंने कहा कि युवकों से बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, लेकिन नहीं दिया। उल्टा पेपर लीक करवा दिए। युवाओं की मेहनत पर पानी फेर दिया। गहलोत कहते थे पेपर लीक में कोई अधिकारी और राजनेता शामिल नहीं है, लेकिन बाद में अधिकारी भी पकड़े गए। नेता भी पकड़े गए। ये भी जांच का विषय है कि पेपर लीक के सारे सांचौर तक कैसे जुड़ गए?

शेखावत ने कहा कि जिस राजस्थान की पहचान मीरा बाई की भक्ति, पन्नाधाय की स्वामिभक्ति, पद्मीनी के जौहर और कर्माबाई के खींच से थी। उस राजस्थान की पहचान अब महिला अत्याचार वाले प्रदेश के रूप में हो गई है। गहलोत सरकार ने राजस्थान को रेप की कैपिटल बना दिया। इस सरकार ने राजस्थान के मुंह पर कालिख पोतने का पाप किया है।

उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि मोदी जी के राज में घर-घर बिजली योजना आई्। गरीबों को उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन दिया। स्वच्छता अभियान चलाया। आजादी के 70 साल तक भी महिलाएं घरों से बाहर शौच के लिए जाती थीं्। उस कलंक को दूर किया। प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई्। हर घर नल योजना बनाई्। हालांकि, जल जीवन मिशन सहित अन्य केंद्रीय योजनाओं में राज्य में अच्छा काम नहीं हो रहा। जल जीवन मिशन योजना में राज्य को तीस हजार करोड़ पैसा दिया। फिर भी यह राज्य पूरे देश में निचले पायदान पर है। मिशन में भ्रष्टाचार हो गया। ईडी ने जांच शुरू की है, अब कई अधिकारी और नेता जेल जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये चुनाव धर्मयुद्ध के बराबर है। झूठ को हटाकर सत्य को जितना है। भ्रष्टाचार को हराकर सुशासन को लाना है। सनातन पर चोट हो रही है। सदियों से भारत की सनातन संस्कृति पर आक्रमण हो रहा है। कई विदेशी आंक्रांता आए, लेकिन राजस्थान के वीर बांकुरों ने सनातन को जिंदा रखा, लेकिन आज कांग्रेस के लोग इस सनातन पर हमला कर रहे हैं्। इस सनातन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में माफिया राज पनप रहा है। खनन माफिया, पेपर लीक माफिया, बजरी माफिया और भी न जाने कितने प्रकार के माफिया पनप गए्। आपने एक वोट गलत दिया तो माफिया पनप गए्। आपने मोदीजी को एक वोट दिया तो साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर आ गए्। शेखावत ने कहा कि राज्य सरकार इस कार्यकाल में फेल हो गई्। पुरानी गारंटियां फेल हो गईं्। अब नई गारंटियां दे रहे हैं, जिसका किसी को विश्वास नहीं है। अन्नपूर्णा सामग्री किट में मिलावटी सामान दिया। किसान को बिजली नहीं दी। इससे फसल बर्बाद हो गई्। फिर नई गारंटी गोबर खरीदने की दी। केंद्र सरकार ने गोबरधन योजना चलाई थी। इसमें गोबर गैस प्लांट लगाना था। लेकिन इस सरकार ने पूरे राज्य में मात्र तीन प्लांट लगाए हैं्।

# मुख्यमंत्री गहलोत ने नामांकन दाखिल किया, फिर सरकार बनाने का विश्वास जताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को जोधपुर में सरदारपुरा विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और विश्वास जताया कि जनता एक बार फिर राज्य में कांग्रेस की सरकार बनाएगी। इसके साथ ही गहलोत ने कहा कि पांच साल के कार्यकाल के बाद भी उनकी सरकार के खिलाफ किसी तरह की 'सत्ता विरोधी लहर' नहीं है। जोधपुर में सरदारपुरा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आज राजस्थान की खुशहाली और समृद्ध सरदारपुरा के संकल्प के साथ क्षेत्र के प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के दौरान गहलोत की पत्नी सुनीता गहलोत और पुत्र वैभव गहलोत भी उनके साथ थे। नामांकन दाखिल करने से पहले गहलोत ने अपनी बड़ी बहन विमला देवी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में गहलोत ने कहा इतिहास में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार है जिसके खिलाफ कोई 'सत्ता विरोधी लहर' नहीं है। यह हमारे लिए, हमारी सरकार और कांग्रेस के लिए गर्व की बात है। पांच साल के कार्यकाल में किए गए फैसलों के कारण ऐसा माहौल बना है।

गहलोत ने कहा कि आज राजस्थान की चर्चा, हमारी योजनाओं की चर्चा देश भर में हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है, हमने हर क्षेत्र में नवाचार किया है और कामयाब हुए हैं्। आगामी विधानसभा चुनाव के नतीजों के बारे में उन्होंने कहा, मैंने अपना धर्म निभाया है। प्रथम सेवक के रूप में मुझे अवसर मिला तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने का। अब जनता पर है कि वह क्या फैसला देती है। माई-बाप तो जनता ही होती है। वैसे गांव से लेकर ढाणियों तक में यह माहौल है कि इस बार सरकार रिपीट हो सकती है।

गहलोत ने कहा कि कोरोना काल में बेहतर प्रबंधन के कारण अगर केरल में 70 साल में पहली बार कोई सरकार रिपीट हो सकती है तो राजस्थान में क्यों नहीं ऐसा हो सकता? उन्होंने कहा, केरल में एक के बाद एक सरकार बदलती थी। सिर्फ और सिर्फ कोरोना काल में बेहतर प्रबंधन के कारण वहां की जनता ने सरकार रिपीट कर दी। हमारा प्रबंधन और भी शानदार था। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) तक ने भीलवाड़ा मॉडल की तारीफ की। तो क्यों न हम यहां सरकार रिपीट होने की उम्मीद करें? यहां तो हमने के बाद एक स्कीमें दी हैं्। गारंटियां दे रहे हैं्।

गहलोत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उल्लेखनीय है कि जोधपुर जिले की सरदारपुरा सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। इस सीट से 1999 से अशोक गहलोत लगातार जीतते आए हैं्। साल 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्हें 63 फीसदी वोट मिले थे। भाजपा ने सरदारपुरा सीट से महेंद्र सिंह राठौड़ को उम्मीदवार बनाया है जो जोधपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष हैं्।

# कांग्रेस की फ्री योजनाएं एक जेब से पैसा निकाल कर दूसरी जेब में डालने जैसी : वसुंधरा राजे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हनुमानगढ़/नोहर/बहरोड़्। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धराराजे ने कहा है कि कांग्रेस सरकार द्वारा जाते-जाते चलाई गई फ्री की योजनाएं एक जेब से पैसा निकाल कर दूसरे जेब में डालने जैसी है। फ़्यूल सरचार्ज के नाम पर बिजली के बिलों में पहले तो जनता से साढ़े 56 करोड़ वसूल लिए। अब उसमें से कुछ हिस्सा फ्री बिजली के नाम पर दे रहे हैं। यानि लूटा ज़्यादा दिया कम। साढ़े 4 साल कांग्रेस जनता को आहत करती रही, अब चुनाव आ गये तो राहत का नाटक करने लगे।

पूर्व सीएम हनुमानगढ़ में भाजपा प्रत्याशी अमित चौधरी,नोहर में अभिषेक मटोरिया और बहरोड़ में डॉ.जसवंत यादव की नामांकन सभा में बोल रही थी। उन्होंने कहाकि भाजपा झूठें वादे नहीं करती, कांग्रेस झूठे वादों के बिना आगे नहीं बढ़ती। वादा करके भी कांग्रेस ने किसानों का कर्जा माफ़ नहीं किया तो किसान आत्म हत्या करने लगे। हमारी सरकार ने 27.15 लाख किसानों का 7 हज़ार 700 करोड़ का कर्जा माफ़ी किया।

पेपर लीक के कारण,युवाओं ने आत्म हत्या की। आज सबसे ज़्यादा बेरोज़गारी राजस्थान में है। भाजपा सरकार आएगी और पेपर लीक नहीं हो इसका इंतज़ाम करेगी। पूर्व सीएम ने कहा कांग्रेस दिमाग़ से काम करती है। तब ही तो सिर्फ़ चुनाव के समय काम करती है। बाक़ी समय नहीं्। जबकि हम दिमाग़ के साथ दिल का इस्तेमाल करते हुए हमेशा सेवा में जुटे रहते है। कांग्रेस लोगों को रुलाती है। हम लोगो के आसू पोछते हैं्। लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं्। उन्होंने कहा कि बहरोड के साथ-साथ कई क्षेत्रों के लिए जीवनदायिनी ईआरसीपी का काम हमने हमारे पिछले कार्यकाल में शुरू किया था। लेकिन, इस सरकार ने इसे राजनीति में उलझा दिया। अब हमारी सरकार आएगी और इस काम को गति मिलेगी।

## दौसा में बस के रेलवे ओवरब्रिज से नीचे गिरने से चार लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के दौसा जिले में रविवार देर रात एक एक बस रेलवे ओवरब्रिज से नीचे गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई और 27 घायल हो गए्। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह ने सोमवार को बताया कि बस हरिद्वार से उदयपुर जा रही थी। रविवार देर रात लगभग 2.15 बजे यह हादसा हुआ्। चालक के नियंत्रण खो देने से बस ओवरब्रिज से नीचे रेल लाइन पर गिर गई्। पुलिस ने रेलवे अधिकारियों को सूचित किया और वहां से ट्रेनों की आवाजाही रोकी गई्। हादसे में दो महिलाओं तथा दो पुरुषों की मौत हो गई्।

## अमित शाह आज तीन चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे

जयपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मंगलवार को नागौर जिले में तीन विधानसभा क्षेत्रों - कुचामन, मकराना और परबतसर - में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार सुबह किशनगढ़ हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे, जहां से वह चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के लिये हेलीकॉप्टर के जरिये रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान शाह बिदियाद (परबतसर) में एक चौपाल सभा में भी शामिल होंगे।

## एएमयू कुलपति के लिए तीन नामों का पैनल चयनित

**अलीगढ़ (उप्र)/भाषा।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की सर्वोच्च शासी निकाय, एएमयू कोर्ट ने नए कुलपति के पैनल चयन के लिए सोमवार को एक विशेष बैठक में तीन नामों को सूचीबद्ध किया। एएमयू के कार्यवाहक कुलपति ने यह जानकारी दी। एएमयू के कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज़ ने पत्रकारों को बताया कि पैनल के लिए तीन नामों का चयन किया गया है, जिनमें प्रोफेसर एम. उरुज रब्बानी, पूर्व डीन मेडिसिन विभाग एएमयू, प्रोफेसर फैजान मुस्तफा, पूर्व कुलपति, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी नलसार और प्रोफेसर नईमा खातून, प्रिंसिपल महिला कॉलेज, एएमयू का नाम शामिल है। मोहम्मद गुलरेज़ ने बताया कि प्रोफेसर रब्बानी को सबसे अधिक 61 वोट मिले, प्रोफेसर फैजान मुस्तफा को 53 वोट जबकि प्रोफेसर नईमा खातून को 50 वोट मिले। उपरोक्त पैनल भारत के राष्ट्रपति को 'उनमें से किसी एक को कुलपति नियुक्त करने के लिए' भेजा जाएगा, जो विश्वविद्यालय के 'विजिटर' हैं।

## ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां सहकारिता क्षेत्र को बर्बाद करने की मंशा से आ रही हैं केरल : विजयन

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियों पर राज्य में सहकारी क्षेत्र के बैंकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा कि देश के अन्य हिस्सों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं के प्रति केंद्र ने अपनी आंखें मूंद रखी है।

विजयन ने आरोप लगाया कि ईडी जैसी एजेंसियां सहकारिता क्षेत्र को बर्बाद करने के गलत इरादे के साथ केरल आ रही हैं ताकि वे प्रदर्शित कर सकें कि यहां सहाकारी बैंकों में कुछ गलत हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के राजनीति से प्रेरित कदमों को राज्य में न तो स्वीकार किया जाएगा और न ही इसकी अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री यहां सहकारी क्षेत्र की सुरक्षा विषय पर आयोजित एक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद इसे संबोधित कर रहे थे। विजयन ने कहा कि राज्य में सहकारी क्षेत्र के बैंकों में 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जमा राशि है। ये बैंक प्रभावकारी तरीके से और पेशेवर रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''इस क्षेत्र को बर्बाद करने के मकसद से केंद्रीय एजेंसियां यहां आ रही हैं।''

## माफिया अतीक अहमद की 12.5 करोड़ मूल्य की जमीन कुर्क

**प्रयागराज/भाषा।** भू माफियाओं के खिलाफ योगी आदित्यनाथ सरकार की कार्रवाई के तहत सोमवार को माफिया अतीक अहमद की अवैध कमाई से अधिगृहित की गई 12.5 करोड़ रुपये मूल्य की बेनामी भूमि कुर्क की गई। सहायक पुलिस आयुक्त (धूमनगंज) वरुण कुमार ने बताया कि आज पुलिस आयुक्त के आदेश के क्रम में माफिया अतीक अहमद की जमीन की जब्तीकरण की कार्रवाई की गई है, यह कार्रवाई गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के तहत की गई है। उन्होंने बताया कि थाना एयरपोर्ट अंतर्गत कटहुला गौसपुर में यह अतीक अहमद की बेनामी संपत्ति थी जो राजमिस्त्री हूब लाल के नाम पर थी। उन्होंने बताया कि यह 23,447 वर्ग गज जो करीब 5.5 हेक्टेयर है, जिसकी अनुमानित कीमत 12.5 करोड़ रुपये है। कुमार ने बताया कि यह जमीन 16 गाटों में बंटी हुई है और इन सभी 16 गाटों पर कुर्की की कार्रवाई की गई है। यहां मुनादी कराके सभी को बता दिया कि अब यह जमीन सरकार की तरफ से जब्त की जा चुकी है इसलिए इस पर कब्जा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पश्चिम बंगाल के मालदा में मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

**इंग्लिश बाजार (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में सोमवार को एक मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना अपराह्न करीब 12:30 बजे हरिश्चंद्रपुर स्टेशन पर हुई। यह मालगाड़ी झारखंड के पाकुड़ से बिहार के कटिहार जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि चूंकि घटना लूप लाइन में हुई, इसलिए ट्रेन सेवाएं बाधित नहीं हुईं। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधिकारी ने कहा कि घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू की गई है।

# हरियाणा की बजाए दिल्ली पर ध्यान दें केजरीवाल : मनोहर लाल खट्टर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' योजना को लागू करने में मदद की पेशकश करने के एक दिन बाद, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को पड़ोसी राज्य के अपने समकक्ष से राष्ट्रीय राजधानी में बिगड़ती वायु गुणवत्ता से लोगों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।

खट्टर ने इस बात पर जोर दिया कि हरियाणा कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में पूरी तरह से सक्षम है और कहा कि अगर केजरीवाल को दिल्ली पर शासन करने में कोई समस्या आती है तो राज्य को उनकी मदद करने में खुशी होगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार की ओर से हरियाणा में बुजुर्गों के लिए 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' योजना लागू करने के कुछ दिन बाद केजरीवाल ने रविवार को कहा था कि भाजपा उनकी सरकार से सीख लेकर लोगों के लिए काम करने की कोशिश कर रही है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में केजरीवाल ने योजना को लागू करने में खट्टर की मदद करने की भी पेशकश की।

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, म्हार धाकड़ हरियाणा हर योजना के कार्यान्वयन में पूरी तरह से सक्षम है। उन्होंने कहा, दिल्ली में प्रदूषण की जिम्मेदारी लेते हुए नागरिकों की रक्षा की कीजिए। इस संकट के समय दिल्ली छोड़कर दूसरे राज्यों में घूमकर चुनाव प्रचार करना आपकी गैर जिम्मेदारी का परिचायक है। अगर दिल्ली का शासन चलाने में कोई तकलीफ आए तो पूछ लीजिएगा, आप की मदद करने में हमें भी बड़ी खुशी होगी। केजरीवाल रविवार को हरियाणा के रोहतक में पार्टी के एक कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह प्रदूषण का स्तर सरकार द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा से लगभग सात से आठ गुना अधिक दर्ज किया गया। क्षेत्र के ऊपर जहरीली धुंध लगातार सातवें दिन भी बनी रही।

दिल्ली में केजरीवाल ने 12 जुलाई 2019 को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत, दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थयात्रा के लिए मुफ्त यात्रा पैकेज प्रदान करती है।

## बिहार सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत कर लगाने के अध्यादेश को बदलने को विधेयक पेश किया

**पटना/भाषा।** बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने प्रदेश में ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के लिए इसको लेकर पूर्व में जारी अध्यादेश को बदलने के लिए बिहार माल और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक-2023 राज्य विधानसभा में पेश किया। इस संबंध में सितंबर में केंद्र की अधिसूचना के बाद एक अक्टूबर से राज्य में ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कसीनो पर अतिरिक्त कर लागू है। बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानसभा में इस संबंध में विधेयक पेश किया।

चौधरी ने पीटीआई-भाषा से बात करते हुए कहा, ''केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने सितंबर में ऑनलाइन मनी गेम्स, कसीनो, घुड़दौड़, सट्टेबाजी, जुए और लॉटरी पर 28 प्रतिशत का एक समान जीएसटी लागू करने के लिए अधिसूचना जारी की थी। राज्य में नई कर व्यवस्था एक अक्टूबर से लागू है। अब अध्यादेश को संशोधन विधेयक द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि इस कर के लगने से राज्य को निश्चित रूप से अतिरिक्त राजस्व मिलेगा।

## जाति सर्वेक्षण : शाह के आरोप पर बिहार सरकार ने कड़ी आपत्ति जतायी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस आरोप पर कड़ी आपत्ति जताई कि ''तुष्टिकरण की राजनीति'' के तहत राज्य के जाति सर्वेक्षण में जानबूझकर मुस्लिमों एवं यादवों की आबादी को बढ़ाकर दिखाया गया है। बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि एक दिन पहले मुजफ्फरपुर में भाजपा की रैली में शाह का संबोधन तर्कहीन था और जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के लिए यह अशोभनीय था।

चौधरी ने जोर देकर कहा, ''यादव ओबीसी समूह में हैं, यह तथ्य सभी को पता है। फिर भी गृह मंत्री ने दावा किया कि अन्य ओबीसी को उनका हक देने से इनकार करने के लिए उनकी संख्या बढ़ा दी गई है। इस तर्क का कोई मतलब नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''गृह मंत्री को यह भी बताना चाहिए था कि उनके दावे का आधार क्या है। अगर उन्हें लगता है कि जाति सर्वेक्षण के आंकड़े गलत हैं तो उन्हें इस बात का अंदाजा होगा कि सटीक आंकड़े क्या हो सकते हैं। वह इस नतीजे पर कैसे पहुंचे।'' जदयू के वरिष्ठ नेता चौधरी ने शाह के इस दावे का मज़ाक उड़ाया कि भाजपा ने जाति सर्वेक्षण कराने के निर्णय का ''समर्थन'' किया था। उन्होंने कहा कि यदि उनका तर्क यह है कि फर्जीवाड़ा (डेटा के संकलन में) हुआ है, तो क्या वे स्वीकार कर रहे हैं कि वे भी इस धोखाधड़ी में शामिल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने सर्वेक्षण कराने का निर्णय तभी लिया जब केंद्र ने जाति जनगणना के लिए अपनी अनिच्छा स्पष्ट कर दी थी। मुख्यमंत्री के भरोसेमंद सहयोगियों में से एक चौधरी ने आरोप लगाया, ''वह (भाजपा) यह दावा करते हैं कि वे जातिवाद से ऊपर हैं, लेकिन कल गृह मंत्री ने स्पष्ट रूप से कुछ समुदायों का नाम लेकर सामाजिक विभाजन के माध्यम राजनीतिक लाभ हासिल करने का एक कुत्सित प्रयास किया।''

## स्मिथ ने माना, भारत और दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि उनकी टीम ने विश्व कप में सही समय पर अपना चरम हासिल किया है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि भारत और दक्षिण अफ्रीका को हराना बेहद मुश्किल होगा।

भारत और दक्षिण अफ्रीका पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं तथा ऑस्ट्रेलिया मंगलवार को यहां होने वाले मैच में अफगानिस्तान पर जीत दर्ज करके अंतिम चार में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनने की कोशिश करेगी।

स्मिथ ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा,''आप सही समय पर अपने चरम पर पहुंचाना चाहते हैं लेकिन सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए आपको निश्चित तौर पर अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत होती है। मुझे लगता है कि अगर हम वहां पहुंचने में सफल रहे तो यह इसकी खूबसूरती होगी।'' उन्होंने कहा,''आप जानते हैं कि हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और हमने पहले तो मैच गंवा दिए थे। उसके बाद हमने अच्छी प्रगति की लेकिन अभी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर हम काम कर सकते हैं।''

स्मिथ ने कहा कि भारत की टूर्नामेंट की दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बड़ी जीत ने ऑस्ट्रेलिया के लिए आगे की चुनौती और अधिक कड़ी कर दी है। उन्होंने कहा,''कल का मैच हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि अगर हम जीत दर्ज करते हैं तो आगे बढ़ जाएंगे। मेरा मानना है कि आप सही समय पर अपने चरम पर पहुंचाना चाहते हैं तथा अभी शीर्ष पर काबिज दोनों टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। विशेष कर भारत जिसने दूसरे नंबर की टीम दक्षिण अफ्रीका को कल आसानी से पराजित किया।''

स्टीव स्मिथ ने कहा,''उन्हें हराना मुश्किल होगा और इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन मुझे लगता है कि हम भी अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं इसलिए उम्मीद है कि हमारे लिए भी वह दिन अच्छा हो सकता है। हम खुद को उस स्थान पर पहुंचाएंगे और अपने लिए मौका बनाएंगे।''

## मिजोरम जाने की हिम्मत नहीं कर सके प्रधानमंत्री : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मिजोरम का दौरा करने की हिम्मत नहीं कर सके, क्योंकि उन्हें मणिपुर नहीं जाने की वजह से आलोचना का डर था।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि आखिर इसके लिए क्या करना होगा कि प्रधानमंत्री मणिपुर पर अपनी चुप्पी तोड़ें या वहां के सांसदों और विधायकों से मिलें? प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार मिजोरम के लोगों को संबोधित करते हुए एक वीडियो संदेश में कहा था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक 'शानदार मिजोरम' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस चुनावी राज्य के लोग उनके परिवार के सदस्यों की तरह हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने रेलवे, स्वास्थ्य, खेल और अन्य क्षेत्रों से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, '' प्रधानमंत्री को कुछ घंटों के लिए भी मिजोरम जाने की हिम्मत नहीं हुई और उन्होंने मणिपुर जाने की अनिच्छा के कारण आलोचना के डर से अपनी यात्रा रद्द कर दी। मणिपुर 6 महीने से अधिक समय से उबल रहा है। उन्होंने (प्रधानमंत्री ने) मिज़ोरम के लिए एक प्रचार अभियान वीडियो जारी किया।

# कांग्रेस ने तेलंगाना का गठन करने में 14 साल की देरी की : मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देवरकद्रा (तेलंगाना)/भाषा।** मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर वादा करने के बाद भी तेलंगाना राज्य के गठन में 14 साल की देरी करने का आरोप लगाया और राज्य के लोगों से 30 नवंबर के विधानसभा चुनावों में पार्टियों की साख के आधार पर वोट करने की अपील की।

यहां एक चुनावी रैली में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख राव ने लोगों से उनकी पार्टी के उम्मीदवार को वोट देने का अनुरोध किया। उन्होंने लोगों से कहा कि उन्हें वोट देने से पहले राजनीतिक दलों के पिछले प्रदर्शन के बारे में पता होना चाहिए। राव ने आरोप लगाया, ''उन्होंने (कांग्रेस) हमारी पार्टी को समाप्त करने की कोशिश की। उन्होंने हमारे विधायकों को खरीदने की कोशिश की। तेलंगाना के गठन के वादे के बावजूद, उन्होंने हमारे 14 साल के संघर्ष के बाद ही राज्य का गठन किया, और वह भी तब, जब मैंने राज्य की मांग को लेकर आमरण अनशन किया।'' बीआरएस प्रमुख ने कहा कि आंदोलन के दौरान अलग तेलंगाना की मांग करते हुए कई लोगों की मौत हो गई, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने नए राज्य के गठन को मंजूरी देने में देरी की। अविभाजित महबूबनगर जिले (पलामुरु) का जिक्र करते हुए केसीआर ने कहा कि उनकी सरकार ने पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने वाली कई परियोजनाएं पूरी की हैं।

## अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार से आवारा पशुओं की समस्या पर स्पष्टीकरण मांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में आवारा पशुओं की समस्या पर सोमवार को राज्य की भाजपा सरकार से स्पष्टीकरण मांगा।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पूछा, छुट्टा पशुओं के लिए भाजपा सरकार स्पष्टीकरण दे : - भाजपा शासन में कितने लोग छुट्टा पशुओं की वजह से मारे गये या घायल हुए - छुट्टा पशुओं के कारण जिनकी मौत हुई, उनमें से कितनों को मुआवज़ा दिया गया और कितना दिया गया? उन्होंने आगे पूछा, जो गौशालाएं खोली गयीं हैं उनमें कुल कितने छुट्टा पशु हैं, गौशालाओं के काम का आंकलन कब किया गया और उसके क्या परिणाम निकले? अधिकतर गौशालाओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के ख़िलाफ़ क्या कार्रवाई की गयी? यादव ने यह सवाल भी किया कि इस समस्या से निपटने के लिए नियुक्त किये गये अधिकारियों ने क्या किया। उन्होंने कहा ''चुनाव के बाद इस समस्या का पंद्रह दिन में समाधान निकालने की जो बात की गयी थी वह वचन था या जुमला? वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान, भाजपा नेताओं ने सरकार बनने के 15 दिनों के भीतर, आवारा पशुओं की समस्या का समाधान निकालने का वादा किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी उस चुनाव में इस समस्या का जिक्र किया था।

## सांप के जहर मामले में एल्विश यादव की भूमिका की जांच कर रहे पुलिस उपनिरीक्षक का तबादला

**नोएडा (उप्र)/भाषा।** यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ अवैध रूप से सांप के जहर की बिक्री के मामले की जांच कर रहे नोएडा पुलिस के एक उपनिरीक्षक का तबादला कर मुकदमे को दूसरे पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-49 पुलिस थाने के प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप चौधरी का पुलिस लाइन्स में तबादला कर दिया गया है।

पुलिस के प्रवक्ता ने बताया, ''नोएडा, सेक्टर-49 के थाना प्रभारी का पुलिस थाना क्षेत्र के तहत अपराध पर प्रभावी रूप से नियंत्रण लगाने में उनकी अक्षमता के कारण रिजर्व पुलिस लाइन में तबादला कर दिया गया है।'' एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने अपनी पहचान गुप्त रखते हुए सोमवार को बताया कि मामले को आगे की जांच के लिए नोएडा सेक्टर-20 पुलिस थाना स्थानांतरित कर दिया गया है।

## आवासीय स्कूलों की छात्राओं के शौचालय के लिए राष्ट्रीय आदर्श नियमावली बनाएं : न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह देश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और आवासीय स्कूलों में छात्राओं के लिए उनकी संख्या के आधार पर शौचालयों के निर्माण को लेकर राष्ट्रीय आदर्श नियमावली बनाए।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने इसके साथ ही केंद्र सरकार से उस नीति के बारे में सवाल किया जिसे उसने पूरे देश में छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित करने के लिए बनाया है। इस पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी.पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार को सेनेटरी नैपकिन वितरण में एकरूपता लानी चाहिए। सुनवाई के दौरान केंद्र ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि स्कूल जाने वाली लड़कियों को मुफ्त में सेनेटरी नैपकिन बांटने के लिए राष्ट्रीय नीति का मसौदा तैयार किया गया है और उसे हितधारकों को उनकी राय जानने के लिए भेजा गया है।

न्यायालय ने इससे पहले उन राज्यों को आगाह किया जिन्होंने स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों की मासिक धर्म स्वच्छता के लिए एक समान राष्ट्रीय नीति बनाने की केंद्र की पहल का जवाब नहीं दिया है।

### ताइक्वांडो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

हैदराबाद में 19-21 दिसंबर, 2023 को होने वाले ताइक्वांडो प्रीमियर लीग (टीपीएल) 1.2 की घोषणा के दौरान एक्शन में ताइक्वांडो खिलाड़ी।

# भावनाओं को काबू में रखना मेरे खेल का अहम हिस्सा : विराट कोहली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 49वां शतक लगाकर महान सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले विराट कोहली ने कहा कि अपनी भावनाओं को काबू में रखकर शांतचित बने रहना उनके खेल का अहम हिस्सा है। कोहली ने रविवार को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 101 रन बनाकर तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,''मैं हमेशा अपनी भावनाओं और संवेदनाओं को काबू में रखना चाहता हूं। यह मेरे खेल का अहम हिस्सा है। इसलिए मैच से पहले मैं इसको लेकर सचेत रहता हूं।'' यह अलग बात है कि तेंदुलकर का बधाई संदेश अभी उनकी आंखें नम कर सकता है। इसके अलावा वह तब अभिभूत हो गए थे जब आमतौर पर शांत रहने वाले रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप 2022 में मेलबर्न में भारत की पाकिस्तान पर जीत के बाद खुलकर जश्न मनाया था।

कोहली ने कहा,''मैं लंबे समय से रोहित के साथ खेल रहा हूं लेकिन मैंने उसे कभी इस तरह से जश्न मनाते हुए नहीं देखा।'' कोहली ने उस मैच में 53 गेंद पर नाबाद 82 रन बनाए थे और भारत को जीत दिलाई थी। उन्होंने तब शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ जैसे गेंदबाजों का डटकर सामना किया था। उन्होंने कहा,''उनका सामना करने के लिए कोई विशेष तैयारी नहीं की गई थी क्योंकि इतने वर्षों में आप 140, 145 और 150 किमी की रफ्तार से की जाने वाली गेंदों का सामना करने के अभ्यस्त हो जाते हैं। आपको केवल चुनौती का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार होना चाहिए।''

कोहली ने कहा,''हम इतने वर्षों तक पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करते रहे हैं लेकिन उसे दिन वह हम पर हावी हो गए थे। इसे स्वीकार करना कोई शर्म की बात नहीं है। वह हम सभी के लिए एक सबक था। हम यह सोचकर मैच नहीं खेल सकते कि हमें अतीत में मिली हार का बदला लेना है।''

## विश्वकप में भारतीय प्रशंसकों के समर्थन से प्रेरित हो रही टीम : कप्तान शाहिदी

**मुंबई/भाषा।** कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान की टीम विश्व कप के दौरान भारतीय प्रशंसकों के समर्थन से काफी हद तक प्रेरित हुई है और मानसिकता में बदलाव से उनकी टीम पिछले चरण की तुलना में इस टूर्नामेंट में ज्यादा जीत हासिल करने में सफल रही है।

अफगानिस्तान लगातार तीन मैच जीतकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाने का लक्ष्य बनाये है जिससे टीम लीग चरण के अंतिम दो मैच जीतने की कोशिश करेगी और मंगलवार को यहां आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी

शाहिदी ने मैच पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''हम जैसा यहां खेल दिखा रहे हैं, स्वदेश में सभी इसे पसंद कर रहे हैं। देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और हमारी उपलब्धियों से बहुत खुश हैं। '' उन्होंने कहा, ''भारतीय लोगों ने हमारा पूरे टूर्नामेंट में समर्थन किया है। वे प्रत्येक मैच में स्टेडियम में आ रहे हैं और हमारा समर्थन कर रहे हैं। इससे हमें प्रेरणा मिल रही है। ''

शाहिदी ने कहा कि मैदान के बाहर भी भारतीय प्रशंसक पूरा समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''साथ ही मैदान के बाहर जब वे हमें पहचानते हैं कि हम अफगानिस्तान टीम के खिलाड़ी हैं तो वे हमें बहुत सम्मान और प्यार देते हैं। '' उन्होंने कहा, '' इनमें से एक व्यक्ति जो एक टैक्सी ड्राइवर था, मुझे बिना पैसे ही मेरे गंतव्य तक ले गया। भारत में लोग हमें इसी तरह प्यार दे रहे हैं।

## सुविचार

**खुद की ज़िंदगी से ज्यादा, उन्हें लोगों की फिक्र है। एक दूसरे से जलने की, बीमारी में आज हर शख्स गिरफ्त है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भूकंप: कैसे बचेंगी ज़िंदगियां?

इस साल दुनियाभर में भूकंप संबंधी हादसों में हजारों लोगों की मौतें हुईं। तुर्किए, अफगानिस्तान में इन मौतों का आंकड़ा काफी ज्यादा रहा। अब नेपाल भी उन देशों में शामिल हो गया, जिन्हें भूकंप गहरे घाव देकर गया है। इस हिमालयी देश में शुक्रवार को आए भूकंप से हजारों लोग बेघर हो गए हैं। उन्हें मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रहीं। ये कल तक इस स्थिति में थे, जब इनके सिर पर छत थी और थाली में खाना था। आज ये खुले आसमान के नीचे भूखे पेट सोने को मजबूर हैं। चूंकि पहाड़ी इलाकों में रास्ते दुर्गम हैं। वहीं, भूकंप के कारण रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं, इसलिए कई लोगों के पास अब तक राहत सामग्री नहीं पहुंची है। जान गंवाने वालों में कई लोग तो ऐसे थे, जो त्योहार मनाने घर आए थे। देर रात जब भूकंप आया तो उनकी छत ही उन पर भरभराकर गिर गई। रात को ऐसी कोई सुविधा नहीं थी, जिसका उपयोग कर इतनी बड़ी संख्या में लोगों को मलबे से निकाला जा सके। भूकंप एक ऐसी चुनौती है, जिससे बचाव के लिए अब तक कोई पुख्ता प्रणाली विकसित नहीं की जा सकी है। आधुनिक उपग्रहों से बारिश, आंधी, तूफानों का तो पता लगाया जा सकता है, जिससे हर साल बड़ी संख्या में लोगों की जानें बचाई जा रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि कुछ दशक पहले तक चक्रवाती तूफानों में हजारों लोगों की जान चली जाती थी। नवंबर 1970 में आए एक चक्रवाती तूफान से तो पूर्वी पाकिस्तान (आज का बांग्लादेश) में पांच लाख लोगों की मौतें हो गई थीं। भारत के निकटवर्ती इलाकों में भी उसका असर देखा गया था।

**पिछले कुछ वर्षों से पश्चिमी देशों में इस पर काफी काम हुआ है। वहां 'कंटेनर हाउस' के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। 'कंटेनर' का नाम सुनते ही प्रायः लोगों के मन में एक ऐसी चीज की छवि उभरती है, जो तकरीबन कबाड़ चुकी हो, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।**

आज उपग्रह एक तरह से कवच का काम कर रहे हैं। क्या हम ऐसे कवच का निर्माण नहीं कर सकते, जो लोगों को भूकंप संबंधी हादसों से सुरक्षित रख सके? इस चुनौती से पार पाने के लिए वैज्ञानिकों को मंथन करना होगा। जिन इलाकों में भूकंप का खतरा ज्यादा है, वहां ऐसे घरों का निर्माण करना होगा, जो भूकंप के झटके आसानी से झेल जाएं। पिछले कुछ वर्षों से पश्चिमी देशों में इस पर काफी काम हुआ है। वहां 'कंटेनर हाउस' के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। 'कंटेनर' का नाम सुनते ही प्राय: लोगों के मन में एक ऐसी चीज की छवि उभरती है, जो तकरीबन कबाड़ चुकी हो, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। इन घरों को बहुत सुंदर तरीके से डिजाइन किया गया है। इन पर धातु के साथ ऐसे पदार्थों की परत लगाई जाती है, जो बहुत गर्मी और बहुत सर्दी के असर को कम कर देती है। यही नहीं, इन पर खास तरह का पेंट करने के बाद ये लंबे समय तक प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। ये रंग-रोगन के बाद किसी बंगले से कम नहीं लगते। इन्हें एक मजबूत आधार पर स्थापित किया जाता है, जिससे ये आंधी-तूफान में स्थिर रहते हैं। ये भूकंप के झटके भी सहन कर जाते हैं। अभी इस तकनीक पर और शोध करने की जरूरत है। इन 'घरों' में सुधार की पर्याप्त गुंजाइश है। भारत की भौगोलिक और मौसमी दशाओं के अनुसार बदलाव कर इन्हें और बेहतर बनाया जा सकता है। यूट्यूब पर ऐसे घरों के वीडियो आसानी से मिल जाते हैं, जिनसे लोगों को बेहतर आवास सुविधा तो मिल ही रही है, ये वर्षा-जल संरक्षण, वर्टिकल खेती और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी कमाल कर रहे हैं। ये उचित शोध और अनुसंधान के बाद उन इलाकों में लोगों का जीवन बचा सकते हैं, जिनमें सर्वाधिक भूकंप आते हैं।

## ट्वीटर टॉक

सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्री राजकुमार रिणवा जी की नामांकन सभा में सम्मिलित होकर देवतुल्य जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं से भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया।

**-राजेन्द्र राठौड़**

आज जोधपुर में सरदारपुरा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रोफेसर डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़ की नामांकन सभा में मोदी जी की डबल इंजन सरकार हेतु जनता-जनार्दन से आशीर्वाद माँगा। प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घघाटन भी किया।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**

दौसा में बस से पुलिया से नीचे गिरने से हुए हादसे में मृत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। साथ ही मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

**-सीपी जोशी**

## प्रेरक प्रसंग

# कुम्हार

एक कुम्हार चिलम बनाया करता था, एक बार वह किसी तीर्थ स्थान पे गया, पूजा आराधना श्रद्धापूर्वक किया, फिर थकान मिटाने के लिए पास में ही रखी एक चौकी पे सो गया। कुम्हार हो नींद में एक सपना आया जिसमें एक देवता उससे पूछ रहे थे की तुम क्या करते हो' कुम्हार ने हाँथ जोड़कर कहा की चीलमे बनता हु। देवता के कहा जिंदगी भर चीलमे ही बनता रहेगा क्या, घड़ा क्यों नहीं बनाता। तुम्हे पता है चीलमे बनाकर तुम कितने लोगों का स्वास्थ्य का नुक्सान कर रहे हो। तुम्हारा खानदानी काम मटका बनाना है वह बनाता, बर्तन उपयोगी होते है। एसा कहकर देवता अदृश्य हो गया, और कुम्हार की भी नींद खुल गयी नींद खुलने पर कुम्हार स्वप्न की बात को याद करता रहा और उसने चिलम बनाना छोड़ दिया और घड़े बनाना सुरु कर दिया, और फिर उसे कमाई भी दुगनी होने लगी, कुम्हार ने कुछ घड़े पानी भरकर रस्ते में भी रख दिए ताकि आते-जाते प्यासे लोग पानी पी सके, उसे कुम्हार के अंदर एक तृप्तता सी आ गयी वह उत्साह से जीवन जीने लगा। कहानी का तात्पर्य यह है की हर किसी को अचे कार्य करने के लिए कुछ प्रेरणा मिलती है, वह हमारे ऊपर है की हम उस बात पर अमल करते है की नहीं।

## सामयिक

# समय पर पता चलने पर संभव है कैंसर का इलाज

**योगेश कुमार गोयल**
मोबाइल : 9034304041.

**जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है।**

किसी भी व्यक्ति के लिए कैंसर एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में यह महज एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है।

भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है।

यह भी जान लें कि 'कैंसर' आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं।

कैंसर के लक्षणों में कुछ प्रमुख हैं, वजन घटते जाना, रक्त की कमी होना, निरन्तर बुखार बने रहना, शारीरिक थकान व कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी होना, दौरे पड़ना शुरू होना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि। कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इत्यादि के जरिये कैंसर का इलाज होता है किन्तु यह प्रायः इतना महंगा होता है कि एक गरीब व्यक्ति इतना खर्च उठाने में सक्षम नहीं होता। इसलिए जरूरत इस बात की महसूस की जाती रही है कि कैंसर के सभी मरीजों का इलाज सरकारी अस्पतालों में हो या निजी अस्पतालों में, सरकार ऐसे मरीजों के इलाज में यथासंभव सहयोग करे क्योंकि जिस तेजी से देश में कैंसर मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए केवल सरकारी अस्पतालों के भरोसे कैंसर मरीजों के इलाज की कल्पना बेमानी ही होगी।

## ज्ञान विज्ञान

# पृथ्वी के अंदर मिले एलियंस की दुनिया के सुराग!

क्या एलियंस का सुराग पृथ्वी के अंदर छुपा है? वैज्ञानिकों का मानना है कि हमारे ग्रह के भीतर किसी अन्य ग्रह के टुकड़े छुपे हो सकते हैं, जिनका साइज एक महाद्वीप जितना होगा। लंबे समय से वैज्ञानिकों का मानना है कि करीब 4.5 अरब साल पहले थिया नाम का ग्रह पृथ्वी से टकराया था। उस वजह से चंद्रमा का निर्माण हुआ। हालांकि यह थ्योरी साबित नहीं हुई है, क्योंकि माना जाता है कि टक्कर के बाद थिया का अस्तित्व खत्म हो गया। अब नेचर मैगजीन में पब्लिश स्टडी में नई जानकारी दी गई है। एक सुपरकंप्यूटर सिमुलेशन से सबूत मिला है कि थिया ग्रह के टुकड़े अभी भी हमारे ग्रह के मेंटल और कोर के बीच की बाउंड्री में जीवित हो सकते हैं। यह हमारे

ग्रह की आंतरिक कार्यप्रणाली के बारे में नई जानकारी दे सकता है। वैज्ञानिकों को लगता है कि एक दिन वह थिया ग्रह के उन टुकड़ों तक पहुंच जाएंगे, जो पृथ्वी के अंदर छुपे हैं। इससे यह भी पता चल पाएगा कि चंद्रमा कैसे बना।

वैज्ञानिक मानते आए हैं कि थिया नाम का एक ग्रह अपनी शुरुआत में ही पृथ्वी से टकरा गया था। टक्कर की वजह से ब्रह्मांड में चट्टानें बिखर गईं। कई चट्टानें पृथ्वी की कक्षा में एकसाथ घूमने लगीं और उन्होंने चंद्रमा का निर्माण किया। हालांकि यह थ्योरी आजतक साबित नहीं हुई है। अब नई स्टडी ने यह उम्मीद जगाई है कि थिया के टुकड़े हमारी पृथ्वी के केंद्र में बचे हैं। वैज्ञानिकों को लगता है कि इस वजह से ही पृथ्वी के केंद्र में कुछ रहस्यमयी गड़बड़ी है। वहां तापमान अचानक बढ़ जाता है। वैज्ञानिकों को लगता है कि पृथ्वी के कोर के चारों ओर कुछ लिपटा हो सकता है, जो इसे अंदर से गर्म रखता है।

## चिंतन

# टिकट से वंचित नेता हो रहे बागी

**ललित गर्ग**
मोबाइल : 9811051133

पांच राज्यों के विधानसभा से पहले अनेक राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं के बीच बड़ी ऊंठापटक, खींचतान एवं चरित्रगत बदलाव देखने को मिल रहे हैं। राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस ही आमने-सामने की स्थिति में है, लेकिन टिकट बंटवारे को लेकर इन दोनों ही दलों में दोनों ही राज्यों में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। दोनों ही दलों में अपने आपको पार्टी का सर्वेसर्वा मानने वाले नेताओं की इस बार टिकट बंटवारे में दाल नहीं गली और वे अपने चेहतों को टिकट देने में नाकाम साबित हुए, जिससे दोनों ही दलों में भारी असंतोष एवं विद्रोह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के शीर्ष नेताओं को भी टिकट न मिलने से बागी एवं बगावती स्वर उभर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि क्या अब चुनाव का टिकट पाना या उसका कटना ही नेताओं के जीवन-मरण का प्रश्न बन गया है? क्या पार्टी के प्रति बफादारी का गुब्बारा एक टिकट न मिलने की सूई से ही हवा शून्य हो गया है? एक प्रश्न और है कि टिकट क्या किन्हीं नेताओं की बपौती है, फिर बाकी कार्यकर्ताओं का क्या वजूद है जो सालों से पार्टी के लिये जी-जान लगाये होते है? क्या राजनीति अब सबसे ज्यादा लाभ और रौब का धंधा बन चुकी है? लोकतंत्र में जब मूल्य एवं सिद्धान्त कमजोर हो जाते है और सिर्फ निजी हैसियत को ऊंचा करना ही महत्वपूर्ण हो जाता है वह लोकतंत्र निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है।

अफसोस, कि जिस जन की सेवा के लिए चुनाव टिकट रूपी एंट्री पास तैयार किया गया है, वह 'जन' पहले भी हतप्रभ था, आज भी है और शायद आगे भी रहेगा। क्योंकि आम मतदाता तो पहले भी ठगा जाता था, गुमराह किया जाता था। आज भी उसके साथ यही हो रहा है? टिकट की दौड़ के लिये सक्रिय होने एवं पांच साल में केवल चुनाव के समय नजर आने वाले उम्मीदवारों को दोनों पार्टियों ने टिकट न देकर एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। राजनीति में ऐसे ही साहसिक एवं अभिनव प्रयोग की अपेक्षा है, ताकि राजनीति में प्रतिनिधित्व की पात्रता किन्हीं सीमित हाथों से बाहर आये एवं नये चेहरों को अपना हूनर दिखाने का अवसर मिले।

राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन के आखिरी दिन अनेक चेहरों को निराशा हाथ लगी है। भाजपा की आखिरी लिस्ट आ चुकी है, लेकिन इस लिस्ट में केंद्रीय नेतृत्व ने वसुंधरा राजे को किनारे कर दिया है। भाजपा ने इस बार वसुंधरा राजे के कई समर्थकों के टिकट काट दिए हैं। इनमें अशोक परनामी, अरूण चतुर्वेदी प्रमुख है और दोनों नेता ऐसे है जो पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके है। इनके साथ ही पूर्व मंत्री एवं राजे के खास यूनुस खान का भी टिकट काट दिया गया है।

राजपाल सिंह शेखावत और राव राजेन्द्र का टिकट भी पार्टी ने काट दिया है। कांग्रेस में भी ऐसे अनेक महत्वपूर्ण चेहरों को निराशा हाथ लगी है। टिकट न मिलने से पार्टी के इन वफादार सैनिकों के स्वरों में भी बगावत देखने को मिल रही है। निश्चित ही दोनों ही दलों में टिकट बंटवारे में आजमाये इन नये प्रयोगों का व्यापक असर देखने को मिलेगा। राजस्थान के अनेक राजनीतिक विश्लेषकों से चर्चा से यह तथ्य भी सामने आया है कि दलों में हो रहे इन बदलावों का नकारात्मक ही नहीं, सकारात्मक परिणाम भी सामने आयेगा।

चुनाव के समय राजनीतिक दलों में टिकट वितरण को लेकर असंतोष होना स्वाभाविक है। जो राजनीतिक कार्यकर्ता वर्षों मेहनत करे और टिकट वितरण के समय उसे दरकिनार कर दूसरे या किसी आयातित व्यक्ति को टिकट दे दिया जाए तो राजनीति में निष्ठा और समर्पण का पैमाना अपने आप ध्वस्त होने लगता है। वैसे भी हर पार्टी में एक सीट पर टिकट के एक से अधिक आकांक्षी होते हैं। दलों की संवैधानिक मर्यादा एवं सीमाएं हैं कि वे चुनाव में किसी एक को ही टिकट दे सकती हैं। ऐसे में बाकी को या तो पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार का समर्थन करना होगा या फिर दूसरे किसी दल से टिकट लेकर अथवा निर्दलीय चुनाव में खड़ा होना होगा। टिकट न मिलने वालों को अपनी नाराजगी प्रकट करने का अधिकार है, वे चाहे तो पार्टी हाई कमान और टिकट वितरणकर्ताओं के सामने खुलकर अपनी नाराजगी का प्रदर्शन कर मन को हल्का करे या अनैतिक विकल्प के तौर पर पार्टी में रहकर ही भीतरघात कर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को हरवाकर अपनी उपेक्षा का बदला ले और अगले चुनाव में अपनी उम्मीदवारी का खाता खुला रखे। राजस्थान में ऐसे ही सीन बन रहे हैं, अब विरोध के प्राचीन तरीकों जैसे कि नारेबाजी, धरना प्रदर्शन से मीलों आगे जाकर शीर्ष नेताओं के घरों के सामने आत्मदाह करने, पार्टी दफ्तरों पर हमले, नेताओं के कपड़े फाड़ने, हाथापाई, सामूहिक इस्तीफे और टिकट कटने के बाद मातमी अंदाज में जार-जार आंसू बहाने की स्थितियां समाप्त हो गयी है। अब तो पार्टियों में विरोध प्रदर्शन का सबसे सशक्त हथियार निर्दलीय चुनाव लड़ना या भीतरघात करना ही देखने को मिल रहा है। मानो सभी दलों में अनुशासनहीनता और अराजकता की एक अघोषित स्पर्द्धा चल रही हो, जिसमें हर असंतुष्ट अपने गिरोह के साथ दूसरे को पीछे छोड़ने की दबंगई में लगा है। ऐसा नहीं है कि आला नेताओं को कार्यकर्ताओं के इस तरह उग्र अथवा बागी होने का अंदाजा न हो। लेकिन पार्टियां चुनाव का टिकट बांटती हैं तो टिकट देने और टिकट काटने के उसके अपने पैमाने होते हैं। उनकी अपनी सीमाएं भी होती है।

टिकट बंटवारे में आलाकमान बहुत बारीकी से निर्णय लेता है, महीनों तक भीतर-ही-भीतर योग्य उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में पार्टी की चलने वाली गंभीर विश्लेषण-जांच एवं अनुसंधान की गहरी भूमिका होती है, अब कोई धमक, सेवा एवं पैसा काम नहीं आता। यहां तक बड़े नेताओं के निजी संबंध भी अब कारगर नहीं रहे। एक-एक पात्र उम्मीदवार पर हर कोण से गंभीर रिपोर्ट तैयार होती है और वही टिकट बंटवारे का माध्यम बनती है। इसलिये अब बगावत एवं विद्रोह के उतने नुकसान भी नहीं देखने को मिलते, जितने पहले हुआ करते थे। पार्टी हित में शीर्ष नेतृत्व ऐसे बगावती स्वरों को शांत करने की पूरी कोशिश करता है। राजस्थान में अनेक टिकट वंचित उम्मीदवार छोटे दलों के टिकट पर या निर्दलयी चुनाव मैदान में उतरने का एलान कर चुके हैं। हालांकि, नाराजों को बिठाने और चुप कराने के लिए दोनों दलों में बड़े नेता साम-दाम-दंड-भेद सभी तरीके अपनाने में लगे हैं। लेकिन राजनीतिक कार्यकर्ता यह बखूबी जानता है कि बड़े नेताओं द्वारा उससे किए वादे भी ज्यादातर चुनावी वादों की तरह खोखले अथवा आधे-अधूरे होते हैं। साथ में यह भी सच है कि बड़े दलों में अब वो ऋषि एवं कद्दावर राजनेताओं का अभाव है, जिनके इशारों पर आक्रोश एवं विद्रोह शांत हो जाते थे। ऐसे दिग्गज नेताओं का नैतिक प्रभाव खत्म होने के बाद आजकल कार्यकर्ताओं को मनाने का फार्मूला मोटे तौर पर अगले चुनाव में टिकट के वादे, सत्ता में आने पर किसी पद की रेवड़ी, या फिर बात-बेबात उसकी पीठ थपथपाने, मंच से तारीफ के दो शब्द कहकर भावनात्मक शोषण करने या फिर धन के रूप में ही देखने को मिल रहा है। लेकिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ा सवाल तो राजनीति में बुनियादी नैतिकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का है? लोकतंत्र में चुनाव टिकट की आकांक्षा रखना स्वाभाविक है, लेकिन उसे जीने-मरने का सवाल बना देना या उसे विसंगतियों एवं विडम्बनाओं का शिखर बना देना क्या संदेश देता है? दरअसल राजनीतिक व्यवस्था मूलतः लोकतंत्र को चलाने और इस तंत्र के असल मालिक लोक के जीवन को सुचारु और समृद्ध बनाने के लिए है, लोकतांत्रिक माफिया बनने के लिए तो कत्तई नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के अमृत काल में यह कड़वा सच है कि राजनीति अब अधिकांश लोगों के लिए शुद्ध रूप से चौतरफा लाभ का धंधा है। इसीलिए वो इसे छोड़ना तो दूर इसे पीढ़ी दर पीढ़ी कायम रखना चाहते हैं ताकि पावर, पैसा और प्रतिष्ठा की गंगोत्री सूख न सके।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## संबोधन

राजौरी में एस.ओ.एस. इंटरनेशनल के चेयरमैन राजीव चुनी सोमवार को राजौरी जिले के नौशेरा शहर में पीओजेके शरणार्थियों को संबोधित करते हुए।

# द. अफ्रीका ने इजराइल से अपने राजदूत को वापस बुलाया, गाजा में इजराइली कार्रवाई को नरसंहार बताया

**जोहानिसबर्ग/एपी**

दक्षिण अफ्रीका सरकार ने गाजा पट्टी पर बमबारी को नरसंहार करार देते हुए सोमवार को इजराइल से अपने राजदूत और राजयनिकों को वापस बुला लिया। दक्षिण अफ्रीकी सरकार ने इजराइल-हमास युद्ध को लेकर देश के रुख के बारे में हालिया टिप्पणी को लेकर अपने राजदूत के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इजराइल में दक्षिण अफ्रीका के राजदूत की उन टिप्पणियों के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले में 1,400 से अधिक लोगों की मौत के बाद युद्ध छिड़ गया था। गाजा में इजराइली सेना की कार्रवाई में 10 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। राष्ट्रपति कार्यालय में मंत्री खुम्बुदजो नत्शावेनी ने कहा, दक्षिण अफ्रीकी सरकार ने परामर्श के लिए तेल अवीव से अपने सभी राजनयिकों को वापस बुलाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने इजराइली सरकार के अत्याचारों और नरसंहार का विरोध करने वालों के बारे में दक्षिण अफ्रीका में इजरायली राजदूत की अपमानजनक टिप्पणी पर गौर किया है और अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग को निर्देश दिया गया है कि वह (उनके) आचरण को लेकर राजनयिक माध्यमों और नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाई करे।

जोहानिसबर्ग में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास और प्रीटोरिया व केपटाउन में इजराइली दूतावासों के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने दक्षिण अफ्रीका सरकार से इजराइली राजदूत को निष्कासित करने की अपील की है।दक्षिण अफ्रीका की अंतरराष्ट्रीय संबंध मंत्री नालेदी पेंडोर ने कहा कि सरकार को क्षेत्र की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए दक्षिण अफ्रीकी अधिकारियों को तेल अवीव से वापस बुलाया जाएगा।

# भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की शुरुआत ब्रिटिश फिल्म 'कैचिंग डस्ट' से होगी

**नयी दिल्ली/भाषा**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को घोषणा की कि गोवा में 20 से 28 नवंबर तक चलने वाले 54वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई)की शुरुआत ब्रिटिश फिल्म 'कैचिंग डस्ट' के साथ होगी जबकि इसका समापन अमेरिकी फिल्म 'द फेदरवेट' के साथ होगा।

मंत्री ने यहां आईएफएफआई की पत्रकार वार्ता में कहा कि तुर्किये की फिल्म 'अबाउट ड्राई ग्रास' को महोत्सव के बीच में दिखाया जाएगा। ठाकुर ने कहा कि फिल्म निर्माण के लिहाज से भारत को दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म निर्माता माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत फिल्म के क्षेत्र में एक बड़ी ताकत के रूप में उभरा है। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले तीन साल में भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग ने सालाना 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। हमारा उद्योग नवाचार और रचनात्मकता के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो देश के हर कोने तक पहुंच रहा है और अब दुनिया के हर कोने तक पहुंच रहा है। यदि आपकी सामग्री में दम है, तो यह जल्दी ही क्षेत्रीय से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बन सकती है।''

इस साल मंत्रालय ने महोत्सव में दिये जाने वाले पुरस्कारों के तहत एक नई श्रेणी की घोषणा की है जिसे एक वेब सीरीज को उसके कलात्मक कौशल, कहानी बयां करने के तरीके, तकनीकी दक्षता और उसके समग्र प्रभाव के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

ठाकुर ने कहा कि देश में ओटीटी (ओवर द टॉप) प्लेटफार्म की संख्या और घरेलू सामग्री के उत्पादन, दोनों में वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा, ''भारत में हजारों घंटों से अधिक की सामग्री का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। यह सामग्री मनोरंजन का एक स्रोत भी है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, ''हमने सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज ओटीटी पुरस्कार शुरू किया है।'

ठाकुर ने कहा कि 15 ओटीटी प्लेटफार्मों से 10 भाषाओं में कुल 32 प्रविष्टियों को पहले सर्वश्रेष्ठ वेब श्रृंखला पुरस्कार के लिए चुना गया है। विजेता सीरीज के लिए प्रमाणपत्र और 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। 'गोल्डन पीकॉक पुरस्कार' के लिए 15 फिल्मों के बीच होड़ है। यह पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ फिल्म को दिया जाता है और इसके तहत 40 लाख रुपये नकद दिये जाते हैं।

आईएफएफआई विभिन्न भाषाओं की सात फिल्मों का विश्व प्रीमियर भी आयोजित करेगा, जिन्हें राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) और नेशनल फिल्म आर्काइव ऑफ इंडिया के सामूहिक प्रयासों से संजोया गया है। इनमें बंगाली फिल्म 'विद्यापति' (1937), मराठी फिल्म 'श्यामची आई' (1953), तेलुगु फिल्म 'पाताल भैरवी' (1951), हिंदी फिल्म 'हकीकत' (1964) और 'गाइड' (1965), बांग्ला फिल्म 'कोरस' (1974) और हिंदी फिल्म 'बीस साल बाद' (1962)शामिल है।

# फिल्म 'सैम बहादुर' का पोस्टर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की आने वाली फिल्म सैम बहादुर का पोस्टर रिलीज हो गया है देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर फिल्म सैम बहादुर बनायी जा रही है। इस फिल्म में सैम मानेकशॉ का किरदार विक्की कौशल निभा रहे है। फिल्म सैम बहादुर का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है।'सैम बहादुर' के नए पोस्टर में विक्की कौशल गंभीर लुक लिए नजर आ रहे हैं। उनके पीछे सैनिकों का समूह खड़ा है।

पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है, 'यह कहानी है उस आदमी की, जिसने इंडियन आर्मी, इस देश को अपनी जिंदगी दे दी।फिल्म का ट्रेलर 07 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। सैम बहादुर फिल्म का निर्देशन मेघना गुलज़ार ने किया है। इस फिल्म को रॉनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है।यह फिल्म एक दिसंबर 2023 को रिलीज होगी।

राजद की वरिष्ठ नेता राबड़ी देवी सोमवार को पटना में राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान पार्टी विधायकों के साथ।

# कांग्रेस के दलदल में फंसा 'इंडिया' गठबंधन : शिवराज

**भोपाल/भाषा**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 'दलदल' में बदल गई है और विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' इसमें फंस गया है। चौहान ने इस बारे में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा से 'स्पष्टीकरण' की मांग की। चौहान की यह टिप्पणी मध्यप्रदेश में असफल चुनावी गठबंधन को लेकर कांग्रेस नेता कमलनाथ और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बीच विवाद की पृष्ठभूमि में आई है।

एक दिन पहले यादव ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने पिछले दिनों जाति जनगणना और मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू करने से रोक दिया था। चौहान ने सिंगरौली में संवाददाताओं से कहा, ''मैं प्रियंका जी से पूछना चाहता हूं कि सपा और आम आदमी पार्टी (आप) जो विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं, मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। क्या यह दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती जैसा है।'' प्रदेश

की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है और मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन के सहयोगी केवल कांग्रेस को कोस रहे हैं और कह रहे हैं कि यह विश्वसनीय पार्टी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दलदल में बदल गई है और 'इंडिया' गठबंधन इसमें फंस गया है। चौहान ने कहा कि यादव ने कांग्रेस को एक चालू पार्टी करार दिया था जो लोगों को धोखा देती है और कहा कि सपा ने उस पर भरोसा करके गलती की है।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने सवाल किया, जब (विपक्षी गुट में) किसी को भी कांग्रेस पर भरोसा नहीं है तो मध्यप्रदेश के लोग उस पार्टी पर कैसे विश्वास कर सकते हैं? उन्होंने मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से उनकी उम्र 'स्पष्ट' करने को भी कहा। यादव ने कल टिप्पणी की थी कि 80 साल का व्यक्ति किसी को कैसे पहचानेगा। उन्होंने (कमलनाथ ने) एक कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से कहा था कि वह 72 साल के हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और और वह स्वयं किसानों को 'सम्मान निधि' दे रहे हैं और उनकी जमीन की सिंचाई की व्यवस्था की है। किसानों को (फसल) ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि जब आपकी पार्टी (कांग्रेस) के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी तो उसने किसानों के लिए क्या किया । चौहान ने आरोप लगाया कि प्रियंका ने झूठा बयान दिया है कि भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश में केवल 21 नौकरियां प्रदान की हैं। उन्होंने कहा कि यह झूठ की दुकान खोलने के समान है। चौहान ने कहा, आपको इतना झूठ नहीं बोलना चाहिए।

# 'द रेलवे मेन' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

भोपाल गैस त्रासदी पर बनी वेबसीरीज 'द रेलवे मेन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वर्ष 1984 को भोपाल में एक केमिकल फैक्ट्री से जहरीली गैस लीक हुई, जिसमें हजारों लोगों ने अपनी जान गंवा दी और लाखों लोग प्रभावित हुए। इसी घटना पर वेब सीरीज 'द रेलवे मेन'बनी है, जिसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी वेब सीरीज 'द रेलवे मेन' एक थ्रिलर सीरीज है, जिसमें उन हीरोज की कहानी दिखाई जाएगी, जिन्होंने अपनी जान दांव पर लगाकर भोपाल के लोगों की मदद की थी। सीरीज उन हीरोज की बात करती है, जिनके किस्से अनसुने रह गए। 'द रेलवे मेन' में केके मेनन, दिव्येंदु शर्मा, बाबिल खान और आर माधवन जैसे मंझे हुए कलाकार शामिल हैं।ट्रेलर में सीरीज की संजीदा कहानी भोपाल गैस त्रासदी की उस भयंकर रात की एक झलक साफ दिखा रही है। शिव रवैल निर्देशित सीरीज 'द रेलवे मेन' 18 नवंबर 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# फिल्म 'दिल्ली डार्क' समाज में बाहरी लोगों की स्वीकार्यता की कहानी है : निर्माता दिबाकर दास

**मुंबई/भाषा**

फिल्म निर्माता दिबाकर दास रॉय ने कहा है कि उनके निर्देशन वाली पहली फिल्म 'दिल्ली डार्क' को बनाने का उद्देश्य उन लोगों पर ध्यान केंद्रित करना है जो आज समाज में बाहरी व्यक्ति की तरह महसूस करते हैं। इस फिल्म की कहानी माइकल ओकेके नाम के एक नाइजीरियाई छात्र के इर्द-गिर्द घूमती है, जो राष्ट्रीय राजधानी में अफ्रीकी समुदाय के खिलाफ पूर्वाग्रह से लड़ता है। छात्र का किरदार नाइजीरियाई अभिनेता सैमुअल अबियोला रॉबिन्सन ने निभाया है। फिल्म निर्देशक ने कहा कि वह इस फिल्म के माध्यम से स्वीकार्यता का संदेश देना चाहते हैं। रॉय ने कहा कि फिल्म के पीछे का उद्देश्य सिर्फ दिल्ली में अफ्रीकियों के बारे में बात करना नहीं है। इसका उद्देश्य उन लोगों के बारे में बात करना है जो आज समाज में खुद को बाहरी व्यक्ति की तरह महसूस करता है। ऐसा भारत, अमेरिका या किसी अन्य जगह पर हो सकता है।

'दिल्ली डार्क' का हाल ही में जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर किया गया था। नस्लवाद पर व्यंग्यात्मक रूप से बनाई गई यह फिल्म 14 नवंबर को 27वें टालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में भी प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म में गीतिका विद्या ओहल्याण, शांतनु अनम और स्तुति घोष भी नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण 'रिलिजन फिल्म्स' के बैनर तले दिबाकर दास रॉय और उदयन दास रॉय ने किया है।

# सीमित बजट में बनी विक्रांत मैसी की '12वीं फेल' ने पाई कामयाबी

**मुंबई/एजेन्सी**

विक्रांत मैसी की फिल्म 12वीं फेल बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। कंगना रनौत की 'तेजस' के साथ बॉक्स ऑफिस पर रिलीज इस फिल्म को प्रदर्शित हुए 11 दिन हो चुके हैं और इन दिनों में कम बजट में बनी इस फिल्म ने कंगना रनौत की 'तेजस' को चारों खाने चित्त कर दिया है।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 12वीं फेल ने 10वें दिन 3.33 करोड़ रुपए का शानदार कारोबार किया था। अब फिल्म के 11वें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। रिपोर्ट की मानें तो फिल्म मंडे को 1 करोड़ 50 लाख रुपए का बिजनेस कर सकती है। इसी के साथ 12वीं फेल का कुल कलेक्शन 23.05 करोड़ हो जाएगा।

'12वीं फेल' 25 करोड़ के बजट में बनी फिल्म है। कम लागत के साथ बनी यह फिल्म दर्शकों का

दिल जीत रही है। फिल्म ने कंगना रनौत की 'तेजस' को शिकस्त दे दी है जो कि अब बॉक्स ऑफिस पर काफी स्ट्रगल कर रही है, जहां 11 दिनों में '12वीं फेल' ने 23.05 करोड़ रुपए कमाए हैं तो वहीं 'तेजस' 5.9 करोड़ रुपए का ही कारोबार किया है।

विधु विनोद चोपड़ा के डायरेक्शन में बनी फिल्म '12वीं फेल' आईपीएस ऑफिसर मनोज कुमार की कहानी है। यह फिल्म अनुराग पाठक की किताब ट्वेल्थ फेल पर बनी है। फिल्म में विक्रांत मैसी लीड किरदार अदा करते दिखाई दिए हैं। वहीं उनके साथ पलक लालवानी और मेधा शंकर भी नजर आई हैं।

# 'टाइगर-3' के लिए प्रशिक्षण अपनी सहनशक्ति को परखने वाला अनुभव'

**मुंबई/भाषा**

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ 'टाइगर-3' फिल्म की शूटिंग के लिए कड़े प्रशिक्षण से गुजरी हैं और उनका कहना है कि यह उनकी सीमा से परे जाने, अपनी सहनशक्ति को परखने और 'खुद के भीतर की ताकत को जानने' वाला अनुभव था। कैटरीना इस फिल्म में भी आईएसआई की पूर्व एजेंट जोया का किरदार निभा रही हैं जबकि उनके साथ सुपरस्टार सलमान खान रॉ एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को मनीष शर्मा ने निर्देशित किया है। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए जब टाइगर का नाम आता है तो यह अपनी सीमा से परे जाने, सहनशक्ति का परीक्षण करने और खुद के भीतर की ताकत को तलाशने का अनुभव है।'' कैटरीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म के लिए प्रशिक्षण के कई वीडियो साझा करते हुए पोस्ट किया,''किसी ने मुझसे कहा, 'दर्द भी एक अन्य तरह का एहसास है... इससे मत डरो, पीड़ा से मत भागो। कई दिनों तक मुझे थकान रही और मैंने महसूस किया कि यह समय अलग है। मेरा शरीर जख्मी हो गया था लेकिन मैं खुद से कहती थी कि इसे चुनौती की तरह लो और देखो कि आज तुम कितना सामना कर सकती हो।

# बासु चटर्जी की फिल्म 'एक रुका हुआ फैसला' का रीमेक बनाएंगे निर्देशक अश्विन त्रिवेदी

**मुंबई/भाषा**

फिल्म निर्देशक अश्विन त्रिवेदी, बासु चटर्जी द्वारा निर्मित 1986 की कोर्ट रूम ड्रामा एक रुका हुआ फैसला का रीमेक बनाएंगे। फिल्म निर्माताओं ने यह घोषणा की है। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, इस फिल्म में अतुल कुलकर्णी, सुविंदर विक्की, दिब्येंदु भट्टाचार्य, नीरज काबी, दिव्या दत्ता, विनीत कुमार, तनिष्ठा चटर्जी, कानी कुश्रुति, हेमंत खेर, संवेदना सुवालकर, ल्यूक केनी और मनु ऋषि चड्ढा जैसे कलाकार नजर आएंगे। त्रिवेदी ने कहा कि उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती फिल्म को एक नए नजरिए से देखना था। बासु चटर्जी द्वारा निर्मित एक रुका हुआ फैसला सिडनी ल्यूमेट द्वारा निर्देशित 1957 की अमेरिकी फिल्म 12 एंग्री मेन पर आधारित है।

उन्होंने बताया, कानूनी शोधकर्ताओं से सलाह लेने के बाद फिल्म की कहानी तैयार की गई है। मृगतृष्णा और मारा पप्पा सुपरहीरो जैसी गुजराती फिल्मों के निर्देशक त्रिवेदी ने एक बयान में कहा, हम शानदार कलाकारों को एक साथ ला रहे हैं। मैं फिल्म का इंतजार कर रहा हूं। फिल्म की शूटिंग 10 दिसंबर से मुंबई में शुरू होगी।

# फिल्म 'देवरानी जेठानी 2' फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अंजना सिंह और संचिता बनर्जी की आने वाली फिल्म देवरानी जेठानी 2 फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। निर्माता प्रदीप सिंह की आने वाली फिल्म देवरानी जेठानी 2 का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है, जिसमें फिल्म की लीड अभिनेत्री अंजना सिंह और संचिता बनर्जी एक दूसरे के साथ उलझती नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी और उनके पति की भूमिका में गौरव झा और देव सिंह एक दूसरे को झगड़े से अलग करते दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म को अजय कुमार झा ने निर्देशित किया है। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह के साथ अपूर्व मेड़तिया, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह है। फिल्म देवरानी जेठानी 2 को लेकर प्रदीप सिंह ने कहा कि देवरानी जेठानी की तरह ही यह फिल्म मजेदार होने वाली है। इसकी कहानी एसके चौहान ने लिखी है, जो बेहद खूबसूरत है। यह फिल्म के पहले भाग से काफी अलग और अलग अंदाज में प्रस्तुत किया जा रहा है। फिल्म के पोस्टर में दिख रहे तेवर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह फिल्म मनोरंजन से भरपूर होने वाली है। देवरानी जेठानी का रिश्ता अक्सर तकरार के रूप में देखा गया है, लेकिन हम अपनी फिल्म में इसके माध्यम से एक सार्थक संदेश और स्वस्थ मनोरंजन दर्शकों को देने वाले हैं। फिल्म में कॉमेडी का तड़का भी खूब नजर आएगा तो इमोशंस की भी कमी नहीं दिखेगी। इस फिल्म को हमने बड़े पैमाने पर बनाया है। फिल्म में सभी कलाकारों ने बेहतरीन काम किया है और उम्मीद करता हूं कि यह जब भी रिलीज होगी, तब दर्शकों को भी हमारी फिल्म पसंद आएगी और वह इसे अपने परिवार के साथ मिलकर देखेंगे।

वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शन तले बनी फिल्म देवरानी जेठानी 2 के संगीतकार मुन्ना दुबे हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव,मुन्ना दुबे एवं शेखर मधुर हैं। छायांकन मनोज सिंह ने किया है। संकलन गुर्जन्ट सिंह ने किया है। नृत्य कानू मुखर्जी का है। कला नाजिर सेख और मारधाड़ श्रवण कुमार का है। कार्यकारी निर्माता कमल यादव हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

आगम उसे कहते हैं, जो दोषों को घटाएं और गुणों को बढ़ाएं। परमात्मा की वाणी धन्य है। तीनों लोक में उज्जवल है। यह वाणी देवलोक के सुख से भी अमूल्य है। हम देख रहे हैं देवभद्र और यशोभद्र जो संयम पथ पर बढ़ने की आज्ञा मांगते है। अपने माता-पिता से कहते है कि संसार के सुख नश्वर हैं हमें परम सुख को पाना है इसलिए हमें आज्ञा प्रदान कीजिए। हमें दीक्षा लेने दीजिए, यह भोग संसार का सुख क्षण मात्र के लिए हैं और बहुत काल तक दुख का कारण बनता है। आप मुझे संसार का आनंद लेने के लिए कह रहे हैं यह हमेशा हमें स्मरण रखना है कि जन्म मरण सबसे अधिक दुख का कारण है।

# रजत का पारिवारिक स्नेह मिलन सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु (रजत) 4 व 5 नवम्बर को सुंगवारछत्रम कन्नूर विलेज स्थित नमो फार्मस में पारिवारिक स्नेह मिलन का दो दिवसीय पिकनिक का आयोजन किया गया। शनिवार को वेपेरी के अग्रवाल विद्यालय में सदस्यगण परिवार सहित उपस्थित हुए वहां से फ़ार्म्स पहुंचने के पश्चात सर्वप्रथम रजत की कार्यकारिणी सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मोहनलाल बजाज ने सभी का स्वागत किया। सह सचिव अजय नाहर ने मीटिंग का संचालन करते हुए रजत के द्वारा हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रायोजक अध्यक्ष मोहनलाल बजाज का अभिनंदन शाल व स्मृति चिन्ह से पूर्वाध्यक्षों ने किया। संयुक्त सचिव ज्ञानचंद कोठारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया।

तत्पश्चात राधेश्याम मुंदड़ा के संयोजन में फिल्मी गीतों पर संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें अशोक कोठारी, राकेश विनायकिया, निर्मला कोठारी ने अनेक सदाबहार गीत प्रस्तुत किये जिसका सभी दर्शकों ने खूब आनंद लिया। अगले दिन रविवार को प्रातः की शुरुआत योग से की गई। विनोद जैन ने सभी को योग करवाया और योगासन से किस प्रकार हम तंदुरुस्त रह सकते हैं उसकी जानकारी दी। वहां पर गौशाला में गौपुजा की गई। तैराकी व बारिश नृत्य का सभी महिलाओं व पुरुषों ने खूब आंनद उठाया। बाक्सनेट क्रिकेट की एक पारी भी खेली गयी। विजेता व रनर टीम को नमो फार्म्स की ओर से ईनाम दिया गया। सभी को दोपहर को तमिल भोज की व्यवस्था थी जिसका सभी ने लुत्फ उठाया। खाने के बाद मनोरंजक प्रतियोगिताएं रखी गई। पायल व पूजा तातेड ने जुंबा नृत्य व अनेक रंगारंग प्रतियोगिताओं का संचालन किया। सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभा बजाज ने सभी जीतने वाले को पुरस्कार प्रदान किया। उपाध्यक्ष विजय गोयल व विमलचंद धारीवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम से राजस्थानी परिवारों में आपसी प्रेम भाव व मेल मिलाप बढेगा। दौलत बांठिया ने उपस्थित सभी सदस्यों के नामों को जोड़ कर शानदार गीत प्रस्तुत किया। महेंद्र कुंकुलोल ने लाजवाब खान-पान की व्यवस्था संभाली। शाम को अध्यक्ष मोहनलाल जी बजाज द्वारा पधारें सभी को उपहार दिए।

# आर्य समाज फाउंडेशन द्वारा यज्ञ एवम हवन का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां आर्य समाज फाउंडेशन द्वारा साहुकारपेट के एसएनसीपी स्कूल में रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग की शुरुआत यज्ञ एवम हवन से हुई। शोभा आर्या द्वारा यज्ञ एवम सनातन धर्म की महती विशेषता का वर्णन बहुत अच्छे तरीके से किया गया। यज्ञ के पश्चात तीन मधुर एवम भक्तिमय भजन अशोक अग्रवाल, कीर्तना और ऋषिका आर्या द्वारा प्रस्तुत किया गया। सत्संग में उपनयन संस्कार के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा शोभा आर्या ने किया। सत्संग में उपस्थित नए सदस्यों को आर्या समाज के प्रेसिडेंट ललित नांगिया ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धा जी द्वारा मेडिटेशन कराया गया मेडिटेशन के समय संपूर्ण वातावरण सुखद आनंद को देने वाला था साथ ही बहुत ही कुशलतापूर्वक वंशिका ने संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया।

# 'दिल से दिवाली' में डेढ सो नेत्रहीनों को किराना किट दिया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। आवडी स्थित डॉ. किशोर बोहरा आई चैरिटेबल ट्रस्ट की इकाई रिटेन स्माइल्ज के तत्वावधान में महावीर इंटरनेशनल चेन्नई ट्रस्ट के सहयोग से रविवार सायं एसएस जैन भवन आवडी में हुए एक कार्यक्रम 'दिल से दिवाली' में तिरुवल्लुवर जिले के 150 नेत्रहीन लोगों को किराना सामान का किट वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डर्बी रिस्पांसिबल मेंसवियर के संस्थापक एवं सीईओ विजय कपूर एवं विशिष्ट अतिथि स्कोप ग्रुप आफ कंपनीज के सीईओ आशीष वेद और आरकेएम ग्रुप के प्रबंध निदेशक आरकेएम दुरइराजन थे। अतिथियों एवं रिटेन स्माइल्ज के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रिटेन स्माइल्ज के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक राहुल बोहरा ने सबका स्वागत किया।

मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर कहा कि जहां प्यार है, वहां सब कुछ है। जब हम कोई कार्य करने की ठान लेते हैं तो वह कर ही लेते हैं। जो काम आप करते हो, उसे छोटा या बड़ा मत समझो, केवल काम पर फोकस करो। उन्होंने कहा हम लोगों को भगवान ने सब कुछ दिया, फिर भी हम नकारात्मकता में चले जाते हैं। आज आप लोगों को देखकर हमारे अंदर सकारात्मकता का संचार हुआ है।

आरकेएम दुरइराजन ने कार्यक्रम की अनुमोदना करते हुए भविष्य में इन कार्यक्रमों के बढ़ते स्वरूप को देखने को कामना व्यक्त की। उन्होंने कहा संस्था के लोगों को मैं उनके बचपन से देख रहा हूं कि वे समाज सेवा के कार्य निरंतर करते जा रहे हैं। महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष एफसी जैन ने कहा कि रिटेन स्माइल्ज तिरुवल्लूर जिले में मानवता के बहुत अच्छे कार्य कर रही है। आज का कार्यक्रम रिटेन स्माइल्ज के मौलिक विचारों से जुड़ा हुआ है। हम भविष्य में मानवता के कार्यों में इनसे जुड़े रहेंगे।

राहुल बोहरा ने इस मौके पर कहा कि रिटेन स्माइल्ज का 20 वर्ष से स्वास्थ्य, स्पोर्ट्स और शिक्षा के क्षेत्र में वंचित लोगों को सहयोग प्रदान करने का ध्येय रहा है। संस्था ने अब तक कई स्वास्थ्य शिविर, स्पोर्ट्स मीट और गरीबों व असहाय लोगों को निःशुल्क भोजन वितरित करने के कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। हमारा लक्ष्य भविष्य में भी बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करना रहेगा। संस्था से कई सहयोगी एवं समर्पित लोग जुड़े हैं।

संस्था के पदाधिकारियों ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में एसएस जैन संघ के सचिव पदम अंचलिया, डॉ किशोर बोहरा आई चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रबंध निदेशक के. कुशल बोहरा, प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रसन्न कटारिया एवं राजकुमार, सुभाष चौपड़ा, डॉ. संतोष चौपड़ा, राजेंद्र- सुनीता कामदार, देवेंद्र संचेती, दीपक बम्ब, पदम बम्ब, सरवनन, रमेश, निकिता बोहरा, रिद्धि बोहरा आदि उपस्थित थे। रिटेन स्माइल्ज की सचिव डॉ. समृद्धि बोहरा ने सबका आभार प्रकट किया।

# संस्कार वाटिका द्वारा हमारा जिनशासन-23 में बच्चों में दिखी प्रतिभाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां के तड़ागम रोड स्थित माहेश्वरी भवन में रविवार देर शाम कोयम्बटूर श्वेताम्बर जैन संघ द्वारा संचालित शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर के संस्कार वाटिका के बच्चों द्वारा 'हमारा जिनशासन-23' का व वार्षिकोत्सव मनाया गया। बड़ी संख्या में कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के अध्यक्ष भानु शाह, सचिव हसमुख जैन, मुख्य लाभार्थी महावीर लैमिनेट्स के राजू मेहता, राकेश मेहता, सहलाभार्थी कीर्तिलाल कालिदास, टिकट स्पांसर मरुधर मेटल्स के सुरेन्द्र लुणावत व महावीर मेटल्स के नरपत जैन ने मंदिर ट्रस्टी के साथ दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम में 125 बच्चों ने संगीतमय कार्यक्रम एवं नाटकीय प्रस्तुति दी। समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने के लिए नाटक पेश किए गए। संचालन नीलेश शाह और वाटिका की अध्यापिकाओं ने किया। हर नाटक और नृत्य कार्यक्रम के पीछे रहे क्रिएटिव डायरेक्टर और कोरियोग्राफर को सम्मानित किया गया जो वाटिका की प्रशिक्षिकाएं हैं।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्तर पर बच्चों ने धार्मिक विषय में आयोजित परीक्षाओं में जो पुरस्कार प्राप्त किए हैं उन प्रतिभावानों का सम्मान संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कोयंबतूर महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष चंपालाल बाफना, सचिव गुलाब मेहता, पतंजलि योग समिति के तमिलनाडु मीडिया इकाई के प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार जैन, माहेश्वरी समाज के डीके सोमानी आदि उफस्थित थे।

# 'शब्द' महोत्सव एवं पुरस्कार अर्पण समारोह की तैयारियाँ शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दक्षिण भारत की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था 'शब्द' के रचनाकारों ने आगामी 10 दिसंबर को अपने वार्षिक महोत्सव एवं पुरस्कार अर्पण समारोह के आयोजन की तैयारियां आरंभ कर दी हैं। आयोजन में कन्नड़ एवं हिन्दी के अनेक मशहूर लेखक,कवि एवं अनुवादक शिरकत करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए 'शब्द' के सदस्य रचनाकारों की गत रविवार को गोड़वाड़ भवन में बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तथा तैयारियों के बारे में विचार किया गया। बैठक में यह संकल्प व्यक्त किया गया कि 'शब्द' का वार्षिक महोत्सव-सह-पुरस्कार अर्पण समारोह हर वर्ष की भांति धूम-धाम से मनाया जाएगा और इसमें बेंगलूरवासियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे। इस वास्ते स्वागत समिति के साथ-साथ विभिन्न उप समितियां गठित की गयीं। ज्ञातव्य है कि नगर की लगभग तीन दशक पुरानी साहित्यिक संस्था 'शब्द' अपने सदस्य रचनाकारों की सर्जना को निखारने के साथ-साथ पिछले वर्ष से हिन्दी साहित्य के संवर्धन में उल्लेखनीय अवदान करने वाले किन्हीं एक रचनाकार को प्रति वर्ष एक लाख रुपए का 'अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान' प्रदान कर रहा है। यह पुरस्कार नगर के समाज सेवी बाबूलाल गुप्ता के फाउंडेशन के सौजन्य से शुरू किया गया है। ऐसे ही राष्ट्रीय भावधारा को मजबूत करने के लिए दक्षिण भारत में हिन्दी भाषा के विकास में अमूल्य योगदान देने वाले किन्हीं एक दक्षिण भारतीय हिन्दी सेवी के सम्मानार्थ इक्कीस हजार रुपए का 'दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी समान' पिछले वर्ष से शुरू किया गया है। यह पुरस्कार दक्षिण भारत में मशहूर हिंदी अखबार समूह 'दक्षिण भारत राष्ट्रमत' के सौजन्य से प्रदान किया जाता है। इस वर्ष का 'अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान' मूर्धन्य कथाकार हृषिकेश सुलभ को प्रदान किया जाएगा तथा 'दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान' वयोवृद्ध हिन्दी सेवी बी एस शांता बाई को दिया जाएगा ।

'शब्द' की बैठक के दूसरे चरण में सदस्यों ने मासिक रचना गोष्ठी के अंतर्गत अपनी अपनी कविताओं का पाठ किया। कवि हंसराज मुणोत की अध्यक्षता में संपन्न रचना गोष्ठी का संचालन युवा कवि ब्रजेन्द्र मिश्र 'ज्ञासु' ने किया। श्रीकांत शर्मा की सरस्वती वंदना से काव्य पाठ का प्रारंभ हुआ। इस साहित्यिक महफ़िल में वरिष्ठ कवि अनिल विभाकर, रचना उनियाल, विद्या कृष्णा, उषारानी राव, आनंद मोहन झा, नलिनी पोपट, गीता चौबे 'गूँज', स्वर्ण ज्योति, स्वीटी सिंघल, ऋता शेखर'मधु', बिंदु रायसोनी, पंडित राजगुरु और ब्रजेन्द्र मिश्र 'ज्ञासु' ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम अध्यक्ष हंसराज मुणोत ने अपने अध्यक्षयीय उद्बोधन में रचनाकारों की सभी प्रस्तुतियों की सारगर्भित समीक्षा की और साहित्यिक क्षेत्र में शब्द संस्था के अविस्मरणीय योगदान को रेखांकित किया । बैठक में प्रो मैथिली पी राव एवं रमिता सिंह के अतिरिक्त साहित्य प्रेमी बाबूलाल गुप्ता तथा भूपेन पोपट की उपस्थिति भी उत्साहवर्द्धक रही। 'शब्द' के अध्यक्ष डॉ श्रीनारायण समीर के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# सब गुणों का मुख्य द्वार विनय है : आचार्य उदयप्रभसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां किलपॉक जैन संघ में विराजित योगनिष्ठ आचार्य केसरसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. ने प्रवचन में आत्मा के विनय गुण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सब गुणों का मुख्य द्वार विनय है। यह गुण तीर्थंकर बनने के बाद भी अपनाते हैं। तीर्थंकर परमात्मा के दो तरह के विनय होते हैं, पहला कृतज्ञता के रूप में अशोक वृक्ष की तीन प्रदक्षिणा देना। परमात्मा को जिस वृक्ष के नीचे केवलज्ञान प्राप्त होता है, उसी वृक्ष की रचना उनके समवसरण में होती है। दूसरा है तीर्थ को शिक्षा देने का विनय। श्रमण-श्रमणियों का विनय उत्कृष्ट गुणवत्ता का बताया गया है। साधु के विनय के तीन स्वरूप होते हैं पहला, वह आचार्य की आज्ञा का पालन करे, दूसरा वह गुरु की आंखों का इशारा समझे और तीसरा, वह गुरु के समीप रहे। गृहस्थ में ऐसा विनय कभी देखने को नहीं मिलता। गृहस्थ अपेक्षा भी अस्थानीय रखते हैं।



विनय करने वाले शिष्य के दो लक्षण होते हैं, पहला, जो संसार के संयोगों से रहित होकर गुरुशरण में आए। उन्होंने कहा संसार के विनय में अपेक्षाएं एवं स्वार्थ रहते ही है। अपेक्षाओं और स्वार्थ के विनय में गुणवत्ता नहीं आ पाती, इसलिए बताया गया है कि संयोगों से मुक्त आत्माओं का विनय उत्कृष्ट होता है। मुनि का दूसरा विनय है घर का त्याग। कुछ धर्मी ऐसा मानते हैं कि संन्यास के बाद साधु घर में रह सकते हैं लेकिन घर तो संयोगों की राजधानी है। इसलिए जैन दीक्षा के पहले घर का त्याग बताया गया है, फिर ही रजोहरण और साधु वेश मिल सकता है। घर और दीक्षा का मिश्रण कभी नहीं हो सकता। साधु भिक्षा के माध्यम से ही अपना जीवन चलाए। जो परिग्रह ज्यादा रखता है, वह जैन साधु हो ही नहीं सकता। साधु का एक नाम कुक्षीसंबल है। संबल यानी भोजन। पेट भरे, उतना ही भोजन लेना, उसे कुक्षीसंबल कहते हैं।

आचार्य श्री ने कहा मोक्ष का दूसरा नाम अपवर्ग होता है। अपवर्ग यानी जहां पाप और भव परंपरा का अंश ही न हो, मोक्ष के बाद कोई फल बाकी नहीं रहता यानी फल की सारी आकांक्षाएं समाप्त हो जाती हो, सारे भय से मुक्त और सारे मोह टूट चुके हो। उन्होंने कहा पतन, बंधन, फल की आकांक्षा, मोह, मर्यादा बिना का सुख जहां होते हैं, उसे मोक्ष कहते हैं। मोक्ष को सिद्धशिला, निवृत्ति, अपवर्ग, अकर्म अवस्था आदि नामों से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा हमारा जितना उत्तम लक्ष्य है, उतने ही उत्तम लक्षण होने चाहिए। विनय का गुण लाने पर अभिमान टूटता हैं। इसके प्रभाव से देवता भी शीघ्र प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा यदि विनय न हो तो धर्मी लोगों का अधर्म धर्म से ही शुरू होता है।

# 'गुरु प्राप्ति से ही जीवन सफल होता है'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि संसार में चाहे कोई कितना ही बड़ा ज्ञानी हो अथवा ध्यानी, सिद्ध, संत हो या कोई महान विज्ञानी, चिकित्सक हो या शिक्षक कोई उद्यमी हो या व्यवसायी जब तक उसे सद्गुरु प्राप्त नहीं होते तब तक उसका जीवन गरिमा से युक्त नहीं होता। प्रातःकाल पूर्व दिशा में लालिमा लिए उदित होने वाला सूर्य समस्त ब्रह्माण्ड की आंख बनकर प्रकट होता है। सूर्य सबको प्रकाशित करता है लेकिन यह बाहर की आंख है, बाहर का प्रकाश है, जिससे इंसान के बाहर की ओर खुले हुए चर्म चक्षुओं को लाभ प्राप्त होता है। जिससे संसार का सौन्दर्य दिखता है और मनुष्य इस असार की ओर आकर्षित हो जाता है। संसार सागर में अंधेरे और उजाले दोनों हैं।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.